19- FEB- BSP- P-1_Layout 1 2/20/2025 12:06 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 33.7 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




छत्तीसगढ़ स्कूल में बॉस्केटबाल ग्राउंड बनकर तैयार हो गया। खिलाड़ी ले सकेंगे खेल का आनंद

## खबर संक्षेप

पंचायत चुनाव

### प्रथम चरण के मतदान का परिणाम आज



**बिलासपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत पंचायत सदस्यों के लिए प्रथम चरण में मस्तूरी निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 से 14 में 17 फरवरी को हुए चुनाव के बाद सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा जिला पंचायत सभाकक्ष में 20 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से होगी। सारणीकरण का कार्य जिला पंचायत के रिटर्निंग अफसर संदीप कुमार अग्रवाल तथा सहायक रिटर्निंग अफसर मनीष साहू एवं शिवानी सिंह की उपस्थिति में संपन्न होगा। सारणीकरण कार्य में निर्वाचित जिला पंचायत के सदस्यों के परिणाम की घोषणा की जाएगी। साथ ही निर्वाचन प्रमाण पत्र रिटर्निंग अफसर संदीप कुमार अग्रवाल देंगे। सारणीकरण कार्य में अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ता उपस्थित हो सकते हैं।

### सीएमडी में प्रायोगिक परीक्षा आज

**बिलासपुर।** सीएमडी कालेज केन्द्र क्रमांक 201 के बीएससी द्वितीय वर्ष वनस्पतिशास्त्र के नियमित एवं स्वाध्यायी प्रायोगिक परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा 20 फरवरी को यूनिवर्सिटी के निर्देशानुसार किया जाना है, जिसका समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाह्य परीक्षक द्वारा ली जाएगी। इसलिए सभी परीक्षार्थियों को समय का ध्यान रखते हुए प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने कहा गया है।

### 33 डिग्री पहुंचा शहर का तापमान



**बिलासपुर।** बिलासपुर में धूप तेज हो गया है, जिसके चलते तापमान 33 डिग्री तक पहुंच चुका है। पिछले एक सप्ताह से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सुबह से धूप में तेजी देखी जा रही है। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों उत्तरी हवाओं का आगमन बंद हो गया है। जिसके कारण तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रहा, जो बुधवार को बढ़कर 33.7 डिग्री सेल्सियस हो गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है।

# अटल मामले में पीसीसी ने गठित की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी

## धनेन्द्र, वोरा, छाबड़ा की तीन सदस्यीय कमेटी करेगी जांच, शिकायत लेकर विजय पहुंचे रायपुर, अटल के बंगले में जुटे समर्थक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा लगातार की जा रही अनुशासनात्मक कार्रवाई का मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंच गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैच ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई मामले में एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित कर दी है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू के संयोजकत्व में तीन सदस्यीय यह कमेटी पूरे मामले की जांच करेगी।

बिलासपुर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विगत दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभयनारायण राय, प्रदेश सचिव त्रिलोक श्रीवास एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के महासचिव श्रीमती सीमा पांडेय के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सभी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इसके अलावा कोटा विधायक एआईसीसी के मेंबर अटल श्रीवास्तव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। इन सभी के मामले को संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश के वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू के संयोजकत्व में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। इस तीन सदस्यीय कमेटी में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व विधायक अरूण वोरा एवं पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा को शामिल किया गया है। कमेटी के सदस्य अविलंब बिलासपुर का दौरा कर स्थानीय वरिष्ठ नेताओं सहित जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से भेंट, चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत होकर तथ्यों सहित अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजेंगे।

### अटल के बंगले पहुंचे समर्थक

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के खिलाफ जिलाध्यक्ष द्वय विजय केशरवानी एवं विजय पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा कर पत्र पार्टी को भेजे जाने की घटना के बाद बुधवार को अटल श्रीवास्तव के बिलासपुर स्थित बंगला में पूरे दिन सरगर्मी बनी रही। कोटा विधानसभा अंतर्गत कोटा एवं रतनपुर क्षेत्र के कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित नगरीय निकाय चुनावों में जीतकर आए लोग पहुंचे थे। इन सभी लोगों से अटल ने मुलाकात की और घटना के संबंध में चर्चा भी हुई।

### शिकायत लेकर रायपुर पहुंचे विजय

बुधवार को जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी इस मामले विधायक अटल श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा पत्र लेकर रायपुर पहुंचे। रायपुर कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुपस्थिति में प्रभारी संगठन महामंत्री मलकीत सिंग गेंदू से मिलकर उन्होंने अनुशंसा पत्र सौंपा है। इसमें कहा गया है कि 17 फरवरी को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने मीडिया में बयान दिया कि चपरासी कलेक्टर को निकाल रहे हैं। ये बातें अटल श्रीवास्तव ने नगर निगम व पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ भितरघात एवं खुलाघात करने वालों को संगठन द्वारा निष्कासित किए जाने के संदर्भ में नाराज होकर कही। अध्यक्षों द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव के समक्ष अपनी ही पार्टी के जिलाध्यक्ष के प्रति जनप्रतिनिधि द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करते हुए संगठन के जिला प्रमुख को चपरासी कहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

### लहरिया और उनके बेटे की शिकायत

मस्तूरी से कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया और उनके बेटे अरविन्द लहरिया पर पूर्व सचिव रवि श्रीवास ने भितरघात के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसकी लिखित शिकायत जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर (ग्रामीण) से की गई है। यह आरोप लगाया गया है कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ दोनों ने काम किया। इस संबंध में आडियो रिकार्डिंग भेजी गई है। विधायक के बेटे अरविंद लहरिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बागी उम्मीदवार किरण संतोष यादव का समर्थन करने के लिए कहा, जिससे पार्टी को नुकसान पहुंचा और भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी राधा खिलावन पटेल की जीत हुई। शिकायत पत्र में पूर्व सचिव ने आरोप लगाया कि विधायक दिलीप लहरिया ने उनके निर्वाचन क्षेत्र में दौरा नहीं किया, जिससे कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन नहीं मिला।

हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत



# मिशन-अस्पताल परिसर के 34 परिवारों को बेदखली नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



◆ मिशन प्रबंधन की याचिका खारिज, हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई 10 दिन बाद

◆ राजस्व सचिव ने जिला प्रशासन के पक्ष में दिया फैसला, अब हो सकेगी कार्रवाई

मिशन अस्पताल परिसर के विवाद पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव ने जिला प्रशासन के पक्ष में फैसला दिया है। कमिश्नर कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन हॉस्पिटल की याचिका खारिज कर दी है।

इस फैसले के बाद नजूल तहसीलदार ने मिशन अस्पताल परिसर में रहने वाले 34 परिवारों को भी बेदखली नोटिस दिया है। उन्हें 20 फरवरी तक मकान खाली करने अल्टीमेटम दिया गया है। इसके खिलाफ इन रहवासियों ने हाईकोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया। लेकिन, याचिका पर जिला प्रशासन, नजूल विभाग और नगर निगम को 10 दिनों में जवाब देने कहा है। 10 दिन बाद मामले की अंतिम सुनवाई होगी और फैसला दिया जाएगा। तब तक दोनों पक्षों से किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश कोर्ट ने दिया है। गौरतलब है कि मिशन अस्पताल प्रबंधन की लीज अवधि साल 1994 में समाप्त हो गई। इसका नवीनीकरण नहीं कराया गया और जमीन पर कब्जा बना रहा। कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच के आदेश दिए और बाद में जगह खाली कराने का आदेश दिया गया। अस्पताल प्रबंधन को कमिश्नर और राजस्व कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। इसके बाद हाईकोर्ट ने भी जिला प्रशासन के पक्ष में फैसला दिया। इसके बाद मिशन अस्पताल परिसर को खाली कराने के लिए प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से फिर से हाईकोर्ट का रुख किया गया। इसमें कहा गया कि मामला रायपुर के राजस्व ट्रिब्यूनल में लंबित है। ट्रिब्यूनल का फैसला आने तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर रोक की मांग की थी। हाईकोर्ट ने मामले का 15 दिनों में निराकरण करने कहा था। अब राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव ने जिला प्रशासन के पक्ष में फैसला दिया है।

### 25 हजार की पेनाल्टी जगह खाली करने नोटिस

कमिश्नर कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन हॉस्पिटल की याचिका खारिज कर दी है। राजस्व ट्रिब्यूनल के फैसले के बाद नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने नजूल विभाग को पत्र लिखकर मिशन अस्पताल के अधूरे स्ट्रक्चर को तोड़ने की अनुमति मांगी है। इस फैसले के बाद नजूल तहसीलदार ने मिशन अस्पताल परिसर में रहने वाले 34 परिवारों को भी बेदखली नोटिस दिया है। घरों में चस्पा किए गए नोटिस के मुताबिक नजूल विभाग की जमीन पर कब्जा करते हुए निवास किया जा रहा है। 25 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाने के साथ ही 20 फरवरी तक मकान खाली करने अल्टीमेटम दिया गया है। इस नोटिस के खिलाफ इन परिवारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। बुधवार को इसकी सुनवाई के दौरान जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने याचिका पर अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया। लेकिन, अगले 10 दिनों तक दोनों पक्षों से किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं करने कहा है। 10 दिनों बाद मामले की अंतिम सुनवाई और फैसला होगा।

### टेक्निकल परीक्षण कराकर बिल्डिंग में तोड़फोड़

गौरतलब है कि मिशन अस्पताल की स्थापना 1885 में हुई थी। क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन हॉस्पिटल को चांटापारा में 11 एकड़ जमीन आबंटित की गई थी। लीज 1966 में नवीनीकृत कर 1994 तक बढ़ाई गई थी। जिसमें निर्माण और व्यवसायिक गतिविधियों पर रोक थी। हालांकि, लीज धारकों ने इन शर्तों का उल्लंघन कर जमीन को किराए पर देकर व्यवसायिक इस्तेमाल किया और कुछ हिस्सों को बेच भी दिया। लीज निरस्त होने के बाद जिला प्रशासन ने इसे अपने कब्जे में ले लिया और निगम ने इंजीनियरों की कमेटी बनाकर कैंपस में स्थापित भवनों का टेक्निकल परीक्षण कराया। इसमें जो भवन उपयुक्त पाया गया, उसमें निगम का जोन आफिस और और अतिक्रमण निवारण दफ्तर लगा दिया गया। इसके साथ ही जो भवन अनुपयुक्त पाए गए और जिसमें जान माल का नुकसान होने की आशंका थी उसे ढहाने की कार्रवाई जिला प्रशासन ने की। जिस भवन में अस्पताल संचालित था उसे 75 फीसदी तक जमीदोंज कर दिया गया है।

धमकी देने का आडियो सोशल मीडिया में वायरल

# भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी, कांग्रेसी गिरफ्तार, रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के एक दिन पहले सरपंच प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करने पर भाजपा नेता को कांग्रेस नेता ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। धमकी देने का आडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस ने कांग्रेस नेता को गिरफ्तार कर कोर्ट से रिहा कर दिया गया है।



नागेन्द्र राय

तोरवा पुलिस के अनुसार, महमंद लालखदान निवासी कुलदीप रजक पिता विमल रजक 26 साल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। वे भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी हैं, उनके परिवार की सदस्य पूजा विक्की निर्मलकर महमंद पंचायत में सरपंच का चुनाव लड़ रही हैं। वहां मतदान 20 फरवरी को है। वे पूजा विक्की निर्मलकर का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि महमंद निवासी कांग्रेस नेता नागेन्द्र राय लगातार उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। वह हमारे नेता पूर्व मंत्री डा. कृष्णमूर्ति बांधी को भी गाली गलौज करते हुए देख लेने की धमकी दे रहा है, जिसकी उनके पास रिकार्डिंग है। इसके पूर्व विधानसभा चुनाव के दौरान नागेन्द्र राय ने उन्हें धमकी दी थी, फिर से वह घूम घूमकर देख लेने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351, 2 व पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत नागेन्द्र राय को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। जानकारी के अनुसार कोर्ट से नागेन्द्र राय को जमानत मिल गई है।

### गिरफ्तार किया गया

महमंद के भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट लिखावाई है। कांग्रेस नेता को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

**-अभय सिंह बैस,** तोरवा, टीआई

## शहर में आवारा कुत्तों का आतंक

**बिलासपुर।** शहर में एकबार फिर आवारा कुत्ते आतंक मचाने लगे हैं। गली मोहल्लों के अलावा मुख्य मार्गों पर आवारा कुत्तों के झुंड दिखाई देने लगे हैं, सड़कों पर भागते फिरने वाले ये कुत्ते रात में अधिक सक्रिय होते हैं, रात में सड़कों पर पैदल या दो पहिया वाहनों पर चलने वालों पर ये हमले कर देते हैं। कुत्तों से बचने के चक्कर में कई लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इन दिनों मंगला चौक के आसपास बड़ी संख्या में कुत्ते दिखाई देते हैं। निगम द्वारा आवारा कुत्तों की धरपकड़ बंद किए जाने से इनकी संख्या बढ़ती जा रही है।






रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा

# अरपा में बहाव जरूरी, गंदे पानी से फैलेगी महामारी

**बिलासपुर।** शहर के रिहायशी क्षेत्रों से 70 नाले, नालियों का गंदा पानी अरपा नदी में पहुंचता है। निगम ने इसकी सफाई के लिए 285 करोड़ का प्लान पेश हाईकोर्ट में पेश किया है, जिसमें शहर अरपा में 4 एसटीपी बनाए जाने की बात है, जिसके माध्यम से गंदे पानी को साफ किया जाएगा। इन एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर सवाल है।

दूसरी ओर शहरवासियों की आशंका इस बात कि है कि यदि नदी में जा रहे गंदे पानी को साफ करने की व्यवस्था समय पर नहीं हो सकी तो अरपा का पानी बहुत ज्यादा प्रदूषित हो जाएगा। अरपा अर्पण महाअभियान जन आंदोलन समिति ने भी अरपा नदी में प्रदूषण फैलने पर चिंता जाहिर की है। समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर एवं निगम आयोग को ज्ञापन भी दिया है जिसमें उन्होंने जलकुंभी नहीं हटने पर शहर में महामारी फैलने की आशंका जताई है। दरअसल दोनों बैराज बनने के बाद अरपा में बारहों महीने पानी भरने की तो बात कही जा रही है, लेकिन रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा। हालांकि निगम का दावा है कि मार्च 2026 तक चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है।

देखा जाए तो हाईकोर्ट ने पहल न की होती तो अरपा को प्रदूषण से मुक्त कराने, नदी में 12 महीने जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए बैराज, एनीकट के निर्माण और उद्गम स्थल की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती। इसमें तेजी तो आई है लेकिन अभी भी इसके लिए जमीनी कार्यवाही तेज करनी होगी। फिलहाल तो करीब 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज नदी में बह रहा है। शहर के नाले, नाली, सीवरेज प्रोजक्ट, कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे हैं।

4 एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर सवाल



### अरपा में इस तरह फैल रही गंदगी

- नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है
- सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा
- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है
- निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है

### अधूरी योजनाएं

- ◆ अरपा के शिवघाट और पचरीघाट में पानी रोकने के लिए बैराज निर्माण का कार्य अपूर्ण
- ◆ पेंड्रा के अमरपुर में उद्गम स्थल के संरक्षण, जलकुंड के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन
- ◆ बिलासपुर में शहर में नदी में पहुंचने वाले 70 नाले, नालियों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का लक्ष्य अधूरा
- ◆ अरपा में कचरा, मलबा की डंपिंग लगातार जारी

### डीपीआर बनाने कहा गया

अरपा में पहुंचने वाले गंदे पानी की शत प्रतिशत सफाई के लिए ब्लू स्ट्रीम कंपनी को डीपीआर तैयार करने कहा गया है। चूंकि योजना में पीएचई को भी शामिल किया जा रहा है, इसलिए इसकी प्रक्रिया चल रही है। एसटीपी से ट्रीटमेंट के बाद निकले पानी को एनटीपीसी को बेचने की योजना एमओयू के लिए अटकी है, एनटीपीसी से अब तक उचित रिस्पांस नहीं मिल पाया है। अरपा में बन रहे चार एसटीपी का काम मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

- **अमित कुमार**, निगम कमिश्नर

19- FEB- BSP-PG-2_Layout 1 2/20/2025 12:04 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### तिलहन आदर्श ग्राम हिर्री में मूंगफली प्रदर्शन का वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण



**बिलासपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जबलपुर एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम ने कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर द्वारा अंगीकृत ग्राम हिर्री का भ्रमण किया। यहां टीम के सदस्यों ने मूंगफली की उन्नत किस्म लीपाक्षी के उन्नत तकनीकी प्रदर्शन कार्यक्रम का निरीक्षण किया व कृषकों से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर द्वारा 75 एकड़ क्षेत्रफल में मूंफली की उन्नत किस्म लीपाक्षी का बीजोपचार, संतुलित पोषण प्रबंधन, कतार बोनी, कीट व्याधि प्रबंधन का प्रशिक्षण देकर कृषकों के खेतों में प्रदर्शन कार्यक्रम किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शन तिलहनी फसलों के क्षेत्रफल तथा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ऑयलसीड मॉडल विलेज योजनान्तर्गत किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण डा. हरीश एम.एन जबलपुर, डा.जेआर पटेल, डा. डीपी पटेल द्वारा 18 फरवरी को किया गया। कृषकों से चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा. अरूण त्रिपाठी, डा. शिल्पा कौशिक, हेमकांति बंजारे, जयंत साहू ने प्रदर्शन कार्यक्रम की जानकारी दी। दल ने कृषकों से चर्चा कर अच्छी फसल की प्रशंसा की।

### लाखों का फौव्वारा हुआ बंद, शाम ढलते ही छा जाता है अंधेरा




**बिलासपुर।** लाखों रूपए खर्च कर आईजी तिराहा और इंदिरा गांधी चौक पर बनाएं गए फौव्वारें महीनों से बंद पड़े हैं। लाइट न होने के कारण शाम ढलते ही यहां अंधेरा छा जाता है। इधर, नगर निगम इन्हें सुधारना छोड़, नए-नए गार्डनों का निर्माण करवा रहा है। शहर को सुंदर और आकर्षक बनाने निगम प्रशासन द्वारा नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लाखों रूपए खर्च कर फौव्वारों का निर्माण कराया गया है। साथ ही आकर्षक लाइटिंग इसे संवारा गया है। लेकिन, नियमित देखभाल न होने के कारण यह फौव्वारे पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं। आईजी तिराहा और इंदिरा गांधी चौक का फौव्वारा पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। जगह-जगह दरारें आ चुकी हैं। सुरक्षा के लिए लगाए गए ग्रिल चोरी हो चुके हैं। दीवारों पर किए गए पेंटिंग भी उखड़ने लगे हैं। इधर, नगर निगम पुराने हो चुके फौव्वारों को बनवाना छोड़, नए-नए गार्डनों का निर्माण करवा रहा है।

### रेलवे ने बनाया आध्यात्मिक समागम को सुगम

**बिलासपुर।** प्रयागराज में महाकुंभ पहले ही 53 करोड़ पवित्र स्नान का साक्षी बन चुका है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन गया है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रेलवे इस भव्य आयोजन के सुचारू परिवहन प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके लिए सभी मालगाड़ियों को समर्पित माल ढुलाई गलियारे में स्थानांतरित किया गया है, ताकि यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता दी जा सके। 200 रेक ट्रेनों के सेट या दोनों तरफ इंजन के साथ तैनात किए गए हैं, ताकि शंटिंग संचालन से बचा जाए। 26 फरवरी तक 13 हजार ट्रेनों का संचालन योजना में था, जिनमें से 16 फरवरी तक 12583 ट्रेनों का सफल संचालन किया जा चुका है। 13 जनवरी से प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में रेलवे ने 3.09 करोड़ यात्रियों को सुचारू रूप से सफर कराया है। 17 फरवरी को 18.60 लाख यात्रियों तथा 16 फरवरी को 18.48 लाख यात्रियों का प्रबंधन किया गया, जो बीते दो दिन में सबसे अधिक यात्री संख्या रही। इसमें 15 फरवरी को 14.76 लाख, 12 फरवरी को 17 लाख, 10 और 11 फरवरी को 14 लाख से अधिक, 30 जनवरी को 17.57 लाख, 29 जनवरी को 27 लाख, 28 जनवरी को 14.15 लाख, 14 जनवरी को 13.87 लाख यात्रियों ने सफर किया है।

### कुंभ स्पेशल में आरपीएफ की चल रही विशेष चेकिंग

**बिलासपुर।** कुंभ स्पेशल में चलने वाली ट्रेनों की आरपीएफ विशेष जांच कर रही है। स्टेशन में गाड़ियों के आवागमन व अन्य समय रेलवे सुरक्षा बल सघन चेकिंग अभियान चला रही है। स्थानीय पुलिस द्वारा भी स्टेशन में आकर डॉग स्क्वायड एवं आधुनिक यंत्रों की मदद से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आरपीएफ निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि पर्व सीजन में स्टेशन पर ज्वलनशील पदार्थ, विस्फोटक सामग्री, पटाखे आदि की चेकिंग हेतु पार्सल गाड़ियो में अटेंडर एवं यात्रियों के लगेज इत्यादि को चेक करते हुए यात्रियों के सफर को सुरक्षित बनाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। लाउडहेलर के माध्यम से यात्रियों को भी जागरूक किया जा रहा है। यात्री सामानों की चोरी तथा जहरखुरानी की रोकथाम हेतु उद्घोषणा करते हुए यात्रियों को जागरूक करने के साथ ही किसी भी यात्री को सफर के दौरान स्टेशन एरिया या गाड़ियों में कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर रेल मदद नंबर 139 पर डायल करने का आग्रह किया जा रहा है। स्टेशन के अधिकृत वेंडर, कुलियों, सफाई कर्मियों, रिक्शा एवं आटो चालकों की मीटिंग लेकर उन्हें इस संबंध में समझाइश दी जा रही है।

**रेल नीर प्लांट में लगा ताला** | मांग की पूर्ति नहीं कर पा रहा आईआरसीटीसी, पानी बोतल की मांग रेलवे स्टेशन और पेंट्रीकार में बढ़ गई

# गर्मी की शुरुआत से पहले रेलवे स्टेशन पर रेल नीर आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी क्षेत्र में 10 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए रेल नीर प्लांट में ताला लगा दिया गया है। इस प्लांट के बंद होते ही आईआरसीटीसी नागपुर से रेल नीर की पेटी मंगवाकर रेलवे स्टेशनों में आपूर्ति कर रही है, लेकिन वर्तमान में यह हाल हो गया है कि गर्मी की शुरुआत ठीक ढंग से नहीं हो पाई है और पानी बोतल की मांग रेलवे स्टेशन और पेंट्रीकार में बढ़ गई है। इसके कारण रेल नीर की सप्लाई पर भी काफी असर पड़ रहा है। मांग की पूर्ति करने में आईआरसीटीसी भी नाकाम साबित हो रही है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संचालित होने वाले स्टाल और ट्रेनों के पेंट्रीकार में यात्रियों को खाने-पीने की वस्तु से लेकर पानी की बोतल की बिक्री होती है, जिसकी कीमत रेलवे बोर्ड द्वारा तय किया गया है। जिसके संचालन का आईआरसीटीसी और रेल प्रशासन द्वारा किया जाता है। आठ साल पहले बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों में लोकल ब्रांड की पानी के बोतल बेचे जा रहे थे, जिससे कई यात्रियों की तबीयत बिगड़ रही थी। रेलवे बोर्ड ने सख्त आदेश देते हुए लोकल ब्रांड की पानी के बोतल की सप्लाई पर प्रतिबंध लगाते हुए आईआरसीटीसी को रेल नीर शुरु करने को कहा था। बोर्ड से आदेश मिलने से पहले बिलासपुर स्टेशन में पानी की सप्लाई बिहार के दानापुर रेलवे स्टेशन से होती थी। आदेश मिलने के बाद बिलासपुर के सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में रेल नीर का प्लांट बनाया गया था। पानी के बोतल उत्पादन से लेकर सप्लाई करने का ठेका कोलकाता की कंपनी को दिया गया था। बिलासपुर सहित आसपास के छोटे बड़े स्टेशनों में सभी स्टॉल संचालकों को लोकल ब्रांड के स्थान पर रेल नीर के पानी बोतल रखने और बेचने का आदेश दे दिया गया। आठ साल बाद कोलकाता की कंपनी ने रेल नीर प्लांट का संचालन करने से अपना हाथ खींच लिया, जिसकी वजह से रेल नीर प्लांट में ताला लग गया है। प्लांट बंद होते ही बिलासपुर सहित आसपास के स्टेशनों में रेल नीर की सप्लाई पर काफी असर पड़ रहा है। यात्रियों की मांग के बावजूद रेल नीर की बोतल नहीं होने से स्टॉल संचालकों को काफी परेशानी हो रही है।



### बंद प्लांट की निविदा भी नहीं

आठ साल से सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में रेल नीर का प्लांट संचालित किया जा रहा था, जिसका ठेका कोलकाता की कंपनी ने लिया था। रेल नीर सप्लाई और प्रोडक्शन में कंपनी को परेशानी हो रही थी। इस प्लांट को बंद करने के लिए कंपनी के संचालक ने कई बार आईआरसीटीसी को पत्र लिखा था। आखिरकार नवम्बर माह में कंपनी ने रेल नीर प्लांट को पूरी तरह से आईआरसीटीसी को हैंड ओवर कर दिया। इसके बाद प्लांट में ताला लगते ही स्टेशन और प्लेटफार्म पर रेल नीर सप्लाई की परेशानी होने लगी, जिसे देखते हुए नागपुर के प्लांट से रेल नीर की पेटियां मंगाना शुरु किया गया। प्लांट बंद हुए चार माह से अधिक होने के बाद भी आईआरसीटीसी की ओर से अब तक नई निविदा जारी नहीं की है।

### रेल नीर का कोई आल्टरनेट नहीं

रेलवे बोर्ड ने स्टॉल, जनआहार, फूड प्लाजा, ट्रेनों के पेंट्रीकार सहित सभी स्टेशनों पर रेल नीर की सप्लाई करने का आदेश आईआरसीटीसी को दिया हुआ है। वर्तमान में रेल नीर के बोतल सप्लाई और आपूर्ति कम होने के बावजूद आईआरसीटीसी की ओर से दूसरी कंपनियों के बोतल की आल्टरनेट कोई व्यवस्था भी नहीं की जा रही है।

### गर्मी में होगी दिक्कत

बिलासपुर में संचालित होने वाले रेल नीर प्लांट टेम्प्रेरी क्लोज हो गया है। दोबारा टेंडर करने या न करने के अलावा अगला प्रोसेस क्या होगा यह तय नहीं है। फिलहाल, वर्तमान में पानी की सप्लाई पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। सभी स्टॉल और पेंट्रीकार में पानी की सप्लाई की जा रही है। पानी की सप्लाई दिक्कत गर्मी में होने की संभावना है।

-प्रवीण शर्मा, एरिया मैनेजर आईआरसीटीसी

### आम में आए बौर...



कोनी स्थित उद्यानिकी विभाग के फार्म हाउस में इन दिनों आम के पेड़ में बौर नजर आने लगे हैं, कुछ दिन बाद पेड़ आम से लदे दिखने लगेंगे।

एटीवीएम और जनरल टिकिट लेने यात्रियों को किया जागरूक

# रेलवे अफसरों ने उत्कल एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के अफसरों ने उत्कल एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में औचक निरीक्षण करने के उपरांत एटीवीएम और आनलाइन जनरल टिकिट लेने यात्रियों को जागरूक किया। रेलवे स्टेशन और लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की शिकायत और उनकी सुविधा के लिए रेल अफसर लगातार गाड़ियों और स्टेशन पर उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को सुधार करने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हैं।

बिलासपुर डिवीजन में भी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देश पर मंडल वाणिज्य विभाग की ओर से गाड़ियों के पेंट्रीकार में यात्रियों को उपलब्ध खानपान सेवाओं की गुणवत्ता व सफाई की जांच तथा स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम के लिए जांच अभियान चलाया गया। इसके तहत बुधवार की दोपहर मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस. भारतीयन के नेतृत्व में बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से उत्कल एक्सप्रेस के पेंट्रीकार का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी तिथि, रेट लिस्ट की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक मानकों की गहन जांच करने के साथ खानपान सामग्रियों के सुरक्षित भंडारण से संबंधित विभिन्न उपकरणों जैसे हॉट केस, बायलर, बॉटल कूलर इत्यादि की सही स्थिति की उपलब्धता जांची गई। स्टेशन निरीक्षण के दौरान मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस. भारतीयन ने अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली और अधिक प्रभावी बनाने हेतु एटीवीएम आटोमेटेड टिकिट वेंडिंग मशीन एवं यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकिट बुकिंग की सुविधा के संबंध में यात्रियों को जागरूक किया। यात्रियों को इन डिजिटल प्लेटफार्मों के उपयोग से होने वाले लाभों जैसे समय की बचत और लंबी कतार से मुक्ति की जानकारी दी गई।



### एप से टिकट मिलने में यात्रियों को होगी सुविधा

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि एटीवीएम और यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से यात्रियों को त्वरित टिकिट मिलने में सुविधा होगी। यात्री भीड़ से बचने व चिल्हर की समस्या से मुक्त होकर अनारक्षित टिकिट की सुविधापूर्वक खरीदी एटीवीएम व यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से कर सकते हैं।

पेमेंट कटौती को लेकर अतिथि प्राध्यापक परेशान

# गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि प्राध्यापकों की स्थिति खराब

**बिलासपुर।** गवर्नमेंट कालेजों में अध्यापन कार्य के लिए अतिथि प्राध्यापक रखे गए हैं। इन अतिथि प्राध्यापकों की स्थिति खराब है और उन्हें तरह-तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खासकर अतिथि प्राध्यापकों के पेमेंट को लेकर कोई न कोई परेशानी आती ही रहती है और कालेजों द्वारा उनका पेमेंट काट दिया जाता है।



शासन ने गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि प्राध्यापक रखने के लिए इस बार अतिथि प्राध्यापक भर्ती पालिसी बनाई है और उसके अनुसार अतिथि प्राध्यापकों की भर्ती की गई है। इस पालिसी को लेकर कुछ लोग न्यायालय भी गए थे और न्यायालय में मामला भी चला था। अतिथि प्राध्यापकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि फरवरी माह के बाद जहां सिर्फ यूजी है, उनको सिर्फ एक या दो क्लास का पेमेंट दिया जाएगा। अधिकांश कालेजों में अतिरिक्त कार्य का पेमेंट ही नहीं दे रहे हैं। सभी उच्च शिक्षा विभाग के अंदर एक ही पद में कार्य कर रहे हैं, परन्तु पेमेंट अलग-अलग मिल रहा है, जो कि कालेज पर पूरी तरह से डिपेंड है। मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश है, परन्तु अधिकांश कालेज में उस दिन का पेमेंट नहीं बनाते। कालेज द्वारा यह बोला जाता है कि सवैतनिक वाला आदेश आप लोगों के लिए नहीं है। अभी परीक्षा का समय चल रहा है इसलिए अधिकांश कालेजों में परीक्षा दिवस के दिन सिर्फ दो क्लास का पेमेंट बना रहे। आने वाले मार्च-अप्रैल महिने में भी परीक्षाएं होगी, फिर से परीक्षा है बोलकर पेमेंट काटा जाएगा। अतिथि शिक्षण सहायक के लिए पालिसी में कहीं पर नहीं लिखा है कि उनका अधिकतम राशि 35 हजार से ज्यादा नहीं हो सकता। फिर भी ऐसे कालेज जहां एक्स्ट्रा वर्क का पेमेंट दे रहे वे लोग शिक्षण सहायक को 35 हजार से ज्यादा नहीं दे रहे।

यातायात जागरूकता कार्यक्रम को मिला जन समर्थन

# यातायात नियमों का पालन कर बनें मिसाल : करियारे

**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशानिर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस यातायात के मार्गदर्शन में शहर में यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

प्रतिदिन शहर के चौक-चौराहों में दो पहिया वाहनों में तीन सवारी, बिना हेलमेट, रांग साइड वाहन चालन, सिग्नल जंप, ओवर स्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलान तथा मोबाइल से बातें करते हुए वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। साथ ही साथ समस्त शैक्षणिक, औद्योगिक, व्यावसायिक सहित विभिन्न नागरिक इकाईयों में जनजागरूकता अभियान के माध्यम से जन चेतना लाने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार को सकरी स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय में यातायात की पाठशाला आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे ने कहा कि युवा यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करते हुए आम लोगों के लिए मिसाल बन सकते हैं। अपनी प्रत्येक यात्रा सकुशल पूरी कर सकते हैं। वहीं यातायात के मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडे ने विद्यार्थियों के समूह को यातायात संकेत, सड़क में चलने के नियम, मोटर व्हीकल एक्ट, सड़क दुर्घटना के कारण एवं निवारण के साथ-साथ गुडसेमीरिटन की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य श्रीमती मल्होत्रा ने बताया कि यातायात द्वारा चलाई गई इस मुहिम को लोगों का अपार जन समर्थन मिल रहा है। हम सभी को यातायात के नियमों का पालन कर अपना जीवन खुशहाल व सुरक्षित रखना होगा। प्राध्यापक विद्या चरण शुक्ला, श्री महंत, जीवधरणी फाउंडेशन के विकास वर्मा, सकरी थाना के स.उ.नि. हेमंत आदित्य, यातायात थाना से आरक्षक कुशल साहू, संजय रात्रे सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कोर्ट ने कहा साजिश हमेशा गुप्त रूप से रखी जाती है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण संभव नहीं

# नक्सली हमले में शामिल चार आरोपियों की याचिका हाईकोर्ट से खारिज

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने नक्सलियों के हमले के मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है की साजिश हमेशा गुप्त रूप से रची जाती है और इसका प्रत्यक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करना कठिन हो सकता है। अभियोजन पक्ष अक्सर विभिन्न पक्षों के कृत्यों के साक्ष्य पर निर्भर करेगा ताकि यह अनुमान लगाया जा सके कि वे उनके सामान्य इरादे के संदर्भ में किए गए थे। इस आशय की टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने 4 से अधिक नक्सलियों की क्रिमिनल अपील खारिज कर दी है।



इन लोगों ने बस्तर में तकवाडा के करीब 15 सीआरपीएफ जवानों को बम लगाकर मार डाला था। न्यायिक जानकारी के अनुसार गत 11 मार्च 2014 को बस्तर में तकवाडा के करीब 150 से 200 की संख्या में घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने एन एच 30 पर हमला कर दिया था। ईडी ब्लास्ट करने से सीआरपीएफ 80 बटालियन के 30 में से 15 जवान मारे गए और तीन बुरी तरह घायल हो गये थे। इस हमले में एक स्थानीय ग्रामवासी भी मारा गया था। इस दल में सीआरपीएफ के अलावा थाना तोंगापाल से भी 13 पुलिस कर्मी शामिल थे। आरोपियों कवासी जोग, महादेव नाग व अन्य के खिलाफ धारा 120 बी, आईपीसी धारा 307 और 302 का अपराध दर्ज किया गया था। इस घटना में जवानों के सर धड़ से अलग हो गये थे, सड़क पर चारों ओर लाशें बिखर गई थीं। ट्रायल कोर्ट ने मामला सही पाए जाने के बाद जेल भी भेज दिया था। आरोपियों ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर की थी। इसमें कहा गया कि 150 से अधिक की संख्या में आने वाले आरोपियों को देखने वाला कोई प्रत्यक्षदर्शी गवाह नहीं है। इस तरह इन लोगों को संदेह का लाभ देकर बरी किया जा सकता है। हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीबी में सुनवाई की गई। कोर्ट ने कहा कि, यह वारदात जंगल में अंजाम दी गई। इस तरह की जगहों में कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं हो सकता है। अभियोजन को इस तरह के मामलों में सीधे आई विटनेस की जरूरत नहीं है। अप्रत्यक्ष परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर ही निर्भर रहना पड़ता है। हाईकोर्ट ने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य से साजिश को निस्संदेह साबित किया जा सकता है। इसके साथ ही यह क्रिमिनल अपील खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने निचली अदालत का आदेश बरकरार रखा है। मामले में एन आई ए की ओर से एडवोकेट बी गोपकुमार और हिमांशु पाण्डेय ने पक्ष प्रस्तुत किया।

### स्ट्रीट लाइट घोटाला: जांच कमेटी गठित

ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए करोड़ों का स्ट्रीट लाईट घोटाला बस्तर इलाके में किया गया। इस मामले में हाईकोर्ट के स्व संज्ञान के बाद चल रही जनहित याचिका में सुनवाई के दौरान शासन की ओर से महाधिवक्ता ने बताया कि मामले में जाच समिति गठित हो गई है। डीबी ने महाधिवक्ता से शपथपत्र में जवाब मांगते हुए अगली सुनवाई 18 मार्च को रखी है। न टेंडर न कोई आदेश, बस्तर और सुकमा जिले के 190 गांवों में लगा दी गई 18 करोड रुपए की 3500 से ज्यादा सोलर स्ट्रीट लाइट। इस आशय के समाचार प्रकाशित होने पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। इसके बाद जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की गई। पूर्व में हुई सुनवाई में बताया गया कि पूरी निविदा प्रक्रिया क्रेडा के माध्यम से होनी चाहिए थी, जो वर्तमान मामले में नहीं की गई है। राज्य के अधिकारियों को जानकारी थी, उन्होंने इसकी अनदेखी की है। अतिरिक्त महाधिवक्ता राज कुमार गुप्ता ने बताया कि जब उपरोक्त तथ्य अधिकारियों के संज्ञान में आया तो 9 अप्रैल 2024 को आयुक्त, आदिवासी विकास, रायपुर द्वारा जांच का आदेश दिया गया। बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डीबी में हुई सुनवाई में महाधिवक्ता ने बताया कि जांच समिति गठित हो गई है। जो अपना काम पूरा कर रही है। जल्द ही वास्तविक रिपोर्ट सामने आ जाएगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि, आप शासन की ओर से शपथपत्र में विस्तृत जानकारी पेश करें।

### कर्मचारियों की पदोन्नति नियमों में संशोधन याचिका खारिज

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने फैसला सुनाया है कि जनहित के लिए बनाए गए वैधानिक नियमों को केवल इसलिए रद्द नहीं किया जा सकता क्योंकि वे किसी व्यक्ति को कठिनाई पहुंचाते हैं। न्यायालय ने हाईकोर्ट के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति नियमों में संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 15 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा दायर किया गया था। इसमें स्टाफ कार चालक, रिकॉर्ड आपूर्तिकर्ता और चपरासी शामिल थे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट सेवा नियम, 2017 के तहत पदोन्नति नियमों में संशोधन को रद्द करने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं ने 24 फरवरी, 2022 के नोटिस को चुनौती दी, जिसमें 69 रिक्त पदों के विरुद्ध सहायक ग्रेड-तीन में पदोन्नति के लिए लिखित और कौशल परीक्षण की आवश्यकता थी। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि उनकी पदोन्नति 2003 और 2015 के सेवा नियमों द्वारा शासित होनी चाहिए, जिसमें मुख्य रूप से अनुभव और वरिष्ठता पर विचार किया गया था, न कि 2017 में शुरू की गई लिखित और कौशल परीक्षणों की नई आवश्यकता के अनुसार। अधिवक्ता बिद्या नंद मिश्रा द्वारा प्रस्तुत याचिका में याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 2017 के नियमों ने उनके करियर की प्रगति को अनुचित रूप से बदल दिया। 2003 के नियमों में पदोन्नति के लिए केवल दो साल की सेवा और बुनियादी योग्यता की आवश्यकता थी। 2015 के संशोधन ने पदोन्नति संरचना को थोड़ा संशोधित कर दिया। 2017 के नियमों ने कठोर लिखित और कौशल परीक्षण लगाए, जिससे अनुभवी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति हासिल करना मुश्किल हो गया।

19- FEB- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 2/20/2025 12:08 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# जीरो वेस्ट: बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया इनोवेशन का दम

## शहर के 22 स्कूलों के 110 बच्चों ने हिस्सा लिया, प्रदर्शनी भी लगाई गई





स्वच्छता अभियान और स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर के मल्टीपरपज स्कूल में जीरो वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बाल वैज्ञानिकों ने अपने इनोवेशन और शोध को प्रदर्शित किया। शहर के 22 स्कूलों के 110 बच्चों ने इसमें हिस्सा लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने स्कूली बच्चों को वेस्ट मैनेजमेंट के महत्व को समझाया। नगर पालिक निगम बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, शिक्षा विभाग और अटल टिंकरिंग लैब के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान के तहत शासकीय बहुउद्देशीय उमावि मल्टीपरपज स्कूल में पढ़ने वाले बाल वैज्ञानिकों ने अपने इनोवेशन का दम दिखाया है। वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के अलग-अलग मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई, जिनमें कबाड़ से जुगाड़ से बनाई गई कलाकृति शामिल है। आज के कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पी दासरथी, जायसवाल, प्राचार्य चंदना पॉल,जीएम स्मार्ट सिटी श्री वाय श्रीनिवास,एटीएल के धनंजय पाण्डेय सहित छात्र मौजूद थे।




### सेजेस चांटीडीह प्रथम लाजपत राय द्वितीय

जीरो वेस्ट कार्यक्रम के मॉडल प्रदर्शनी में विजेता स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल चांटीडीह के शिवम रजक द्वारा बनाए गए मॉडल को प्रथम स्थान मिला। लाला लाजपत राय सेजेस स्कूल के मो. इलियास का मॉडल दूसरे और तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से सेजेस लाल बहादुर शास्त्री स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल के तिथि और ए.स्वर्णकार को विजेता घोषित किया गया।

सम्मान

## डॉ. रायजादा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



**बिलासपुर**। शहर के वरिष्ठ चिकित्सक, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और सांई बाबा हॉस्पिटल के संचालक डा. अविजीत रायजादा को नागपुर में चिकित्सा के क्षेत्र उल्लेखनीय कार्य करने पर लाइफटाइम अचीवेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीणों में मधुमेह जनजागरण और उपचार प्रदान करने में दिया गया है। उन्हें डायबिटीज इंडिया फैलोशिप सम्मान अहमदाबाद में प्रदान किया गया। इसी तरह नागपुर में डायबिटीज केयर फाउंडेशन द्वारा एक विशेष समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दिया गया है। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें डायबिटीज इंडिया फाउंडेशन द्वारा फेलोशिप भी प्रदान किया गया। यह पुरस्कार आईडीएफ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष और पद्मश्री विमोहन और डा. शशांक जोशी के करकमलों द्वारा दिया गया। इस अवसर पर देश भर के वरिष्ठ चिकित्सक और चिकित्सा जगत से जुड़े विद्वान उपस्थित थे।

आयोजन

## बच्चों को योगाभ्यास के जरिए दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



**बिलासपुर**। लायंस क्लब वसुंधरा ने सिग्नेचर एक्टिविटी के अंतर्गत पांच दिवसीय योग शिविर लगाया। इसमें सभी बच्चों को योग का अभ्यास करा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। आयुर्वेदिक संस्थान लखराम की प्रभारी रश्मि जीतपुरे ने प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला द्वारा बच्चों को जागरूक किया। इसमें चयनित बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। वहीं लायंस क्लब वसुंधरा की अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी, सचिव अर्चना तिवारी, सलमा बेगम, कोषाध्यक्ष सुधा परिहार ने हेल्दी फूड, दैनिक दिनचर्या के बारे में बताया। सभी बच्चों को आयुर्वेदिक काढ़ा भी पिलाया गया।

बैठक

## पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन मंडल के सदस्यों की विशेष सभा का आयोजन



**बिलासपुर**। पंजाब नैशनल बैंक, बुधवारी बाजार शाखा में ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन मंडल के सदस्यों की विशेष सभा का आयोजन किया गया। एआईपीएनबीपीए के अध्यक्ष एसएन चावड़ा ने सचिव रूपरतन सिंह को आगे की कार्यवाही के लिए अधिकृत किया। बैठक में नए सदस्यों का स्वागत, पेंशन अपडेशन, मेडिकल इंश्योरेंस व अन्य सामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि पीएनबी द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, एसईसीएल, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस की सेवा भावना का सम्मान करते हुए प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी के लिए विशेष वेतन खाता के तहत एक करोड़ रुपये तक छूट प्रदान की जा रही हैं। सुरेंद्र चावड़ा, रूप रतन सिंह, कैलाश अग्रवाल, रविशंकर पटनायक, हरिहर लाल देवांगन, रवि टण्डन, सुकुमार विश्वास, बीएस पैकरा व सभी सदस्यों ने पूर्व मंडल सचिव ललित अग्रवाल, रमेश कोशले सदस्यता बढ़ाने के अभियान चलाने का निर्णय लिया।

जयंती

## छत्रपति शिवाजी की निकली शोभायात्रा, दूध से अभिषेक



**बिलासपुर**। मराठा समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने शिवाजी की प्रतिमा का दूध से अभिषेक किया। साथ ही महाभंडारे का आयोजन किया। मराठा समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। समाज के लोगों ने बृहस्पति बाजार चौक स्थित शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हिन्दू संगठन द्वारा दिए गए 51 लीटर दूध से अभिषेक किया गया। इसके पश्चात सभी सदस्य कुदुदंड स्थित तुलजा भवानी मंदिर पहुंचकर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम 5 बजे लालबहादुर स्कूल से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो सदर बाजार, देवकीनंदन चौक होते हुए तुलजा भवानी मंदिर पहुंची।

**स्वागत में मंदिर के सामने सजाई गई आकर्षक रंगोली, प्रकटोत्सव पर महाराष्ट्र मंडल में विविध आयोजन**

# संत गजानन महाराज की निकाली गई पालकी यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की महाराष्ट्रीयन परिवार द्वारा इस वर्ष भी महाराष्ट्र मंडल पारिजात कालोनी में श्री संत गजानन महराज का प्रकटोत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत महाराष्ट्र मंडल द्वारा 4 दिवसीय कार्यक्रम मंडल परिसर में आयोजित किया गया है। आयोजन के दूसरे दिन बुधवार को गजानन महराज की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

समाज के लोगों ने बताया कि पहले दिन श्री गजानन विजय ग्रंथ का सामूहिक क्रमबद्ध पारायण किया। दोपहर में महराज की आरती की गई। शाम को श्री संत गजानन महाराज की जीवनी पर गीत गजानन कार्यक्रम हुआ। जिसकी प्रस्तुति रायपुर के कला श्री संगीत समूह के 14 कलाकारों ने दी। दूसरे दिन बुधवार को शाम 4 बजे रेणुका भजन मंडली तिलकनगर द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद शाम को मंदिर से श्री संत गजानन महाराज की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी परिजात एक्सटेंशन स्थित शिव मंदिर होते हुए सांई माउली में सांई भेंट उपरांत वापस मंदिर पहुंची। पालकी उपरांत मंदिर में गंगा आरती की तर्ज पर विशेष आरती की गई। पालकी को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह रहा। पुरूष विशेष ड्रेस कोड सफेद वेश में पालकी यात्रा में शामिल हुए। वहीं मंदिर पहुंची महिलाएं पारंपरिक वेश में रहीं।

### आरती उतार कर किया स्वागत

पालकी यात्रा के स्वागत में गजानन मंदिर के सामने एक भव्य रंगोली सजाई गई। वहीं रास्ते में समाज की महिलाओं, युवतियों सहित अन्य लोगों ने आरती उतार कर एवं फूलों की वर्षा कर पालकी का स्वागत किया।

### आज मनाया जाएगा प्रकटोत्सव

तीसरे दिन 20 फरवरी गुरुवार को प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। यह दिन श्री संत गजानन महाराज का प्रकट दिन होने के कारण सर्वप्रथम सुबह साढ़े 6 बजे से महराज का दुग्धाभिषेक कर होम हवन, दोपहर 12 बजे आरती होगी। दोपहर साढ़े 12 बजे से महाप्रसाद का आयोजन है। शाम को 6 बजे गुरुकृपा भजन मंडली द्वारा 1 घंटे की भजन प्रस्तुति के बाद 7 बाजे आरती होगी। चतुर्थ दिन समापन पर 21 फरवरी को शाम साढ़े 5 बजे मंडल में स्थित श्री संत गजानन महाराज मंदिर में सुंदर काण्ड का आयोजन है। संध्या आरती, गोपाल काला वितरण उपरांत 4 दिवसीय उत्सव का समापन होगा।

हनुमंत कथा के समापन पर लगा दिव्य दरबार



## हनुमान चालीसा की चौपाई से बताया गया गुरु का महात्म



बिलासपुर। हनुमंत कथा के तृतीय एवं अंतिम दिवस आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री ने लोकमंगल दिव्य दरबार लगाया। जिसमें दीन दुखियों को उनकी तकलीफों का समाधान मिला। इसके बाद हनुमंत कथा की शुरुआत हुई। जिसमें महाराजश्री के मुखारविंद से हनुमान चालीसा की चौपाई के माध्यम से गुरु का महात्म बताया गया। उन्होंने बताया कि माता-पिता का स्थान सर्वोच्च है। इसके बाद गुरु का स्थान है। कलयुग में इन्हें भगवान का दर्जा दिया गया है। कथा समाप्ति के बाद हवन कर पूर्णाहुति की गई। दरबार एवं कथा श्रवण का श्रद्धालु भक्तों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। महाराज श्री ने कहा कि वे बहुत शीघ्र बिलासपुर में सात दिवसीय भागवत कथा एवं नव दिवसीय राम कथा का आयोजन करेंगे। आयोजक मंडल द्वारा महाराज श्री का सम्मान किया गया। अंतिम दिवस भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया।

# ऑल इंडिया हॉकी में छत्तीसगढ़ की टीम को बढ़त

स्पोर्ट्स न्यूज



बिलासपुर। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने दूसरी बार अपनी शानदार जीत दर्ज की है। छत्तीसगढ़ की टीम क्वार्टर फाइनल मैच से एक कदम दूर है।

आंध्र प्रदेश में चल रही ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल मैच से एक कदम दूर है। हॉकी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ ने आज राजस्थान पर 7-1 से शानदार जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। जहां टीम का अंतिम ग्रुप मुकाबला 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश से होगा। मैच के छठवें मिनट में शानदार मैदानी गोल जर्सी नंबर 5 राजू राज कुजूर ने दागा। वह टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 14वें मिनट में जर्सी नंबर 39 विशाल में पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। 28 मिनट में जर्सी नंबर 11 आशुतोष ने शानदार मैदानी गोल किया। मैच के 36वां मिनट पर मिले पेनाल्टी कॉर्नर में जर्सी नंबर 17 धनीराम यादव ने तेज तर्रार शॉर्ट से गोल करके टीम को 4-0 की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। मैच के 38 वें मिनट में राजू राज ने बेहतरीन गोल किया। वहीं मैच के 46 वें मिनट में अभय एका एवं 56 वें मिनट में आशुतोष ने गोल किए। राजस्थान की ओर से एकमात्र गोल जर्सी नंबर 32 गोविंद लाल ने किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने यह मैच 7-1 से जीत ली। टीम के कोच कश्मीर खालको व मैनेजर प्रमोद बैक हैं।

## स्टेयर्स राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 8 मार्च से



छत्तीसगढ़ स्टेयर्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 8 व 9 मार्च क़ो नया रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेयर्स चीफ हेड मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, कराते, योगासान, शतरंज, स्केटिंग आदि की प्रतियोगिता होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 1500 से अधिक खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। एक भारत एक लक्ष्य के अभियान के तहत ताइक्वांडो स्टेयर्स हेड संतोष निर्मलकर ने बताया कि ताइक्वांडो में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर महिला-पुरुष वर्ग के मुकाबले होंगे। जिसमें क्योंगरी व पुमसे की प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी 28 फरवरी तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।



# ओटीटी पर 27 फरवरी को आएगी 'आश्रम' सीरीज...

**मुंबई।** बॉबी देओल की क्राइम ड्रामा वेब सीरीज 'आश्रम 3- पार्ट 2' का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। इसके साथ ही अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज की रिलीज डेट भी अनाउंस हो गई है। ट्रेलर से साफ पता चल रहा है कि इस बार पम्मी, बाबा निराला और भोपा के बीच दूरियां पैद करेगी। वह बदले की आग में जलेगी और ये आग बाबा निराला की कहानी को हमेशा-हमेशा के लिए खत्म कर देगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर पोस्ट कर सीरीज की रिलीज डेट भी बताई है। अमेजन एमएक्स प्लेयर ने लिखा, 'आपके सब्र का लड्डू आ रहा है 27 फरवरी को।

लाइफ Style



# आलिया

## विक्की कौशल! आप क्या हैं?

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी हाल में रिलीज हुई फिल्म छावा के लिए तारीफें बटोर रहे हैं। एक्टर की दमदार एक्टिंग के लिए फैंस समेत फिल्म इंडस्ट्री के उनके साथी भी प्रभावित हो गए हैं। विक्की को छावा बने देख आलिया भट्ट भी खुद को एक्टर की तारीफ करने से रोक नहीं पाई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म छावा में विक्की ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। जब-जब एक्टर छावा बने स्क्रीन पर नजर आते हैं थिएटर में चिल्लाहट मच जाती है। आलिया ने भी एक्टर की परफॉरमेंस देख कर यही महसूस किया। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर विक्की की तारीफ करते हुए लिखा, 'विक्की कौशल! आप क्या हैं? छावा में आपके परफॉर्मेंस से उबर नहीं पा रही हूं। बता दें कि आलिया और विक्की ने 2018 में मेघना गुलजार की फिल्म राजी में साथ काम किया था। इसके अलावा दोनों संजय लीला भंसाली की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणबीर कपूर भी लीड रोल में होंगे। विक्की की परफॉरमेंस देखने के बाद कैटरीना कैफ ने भी एक पोस्ट शेयर किया था।

एक्ट्रेस ने लिखा था, 'क्या शानदार फिल्म है और छत्रपति संभाजी महाराज की बहादुरी को दिखाने का कितना बड़ा काम किया गया है। लक्ष्मण उतेकर ने इस कहानी को बहुत अच्छे तरीके से दिखाया है, मैं बेहद खुश हूं। फिल्म के आखिरी 40 मिनट आपको हैरान कर रख देंगे।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं इस फिल्म को देखकर कुछ बोलने लायक नहीं बची हूं।

हॉलीवुड मसाला



# चर्च में भी रिलीज होगी द मंकी

**नई दिल्ली।** आजकल हॉरर कॉमेडी फिल्मों का चलन बहुत बढ़ गया है, ना सिर्फ बॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड में भी हॉरर कॉमेडी मूवी बहुत पसंद की जाती है, जो डरावनी होने के साथ-साथ आपको हंसी और गुदगुदाने का काम भी करती है। हॉलीवुड में ऐसी कई सारी डरावनी फिल्में है, जो चर्च तक पहुंच चुकी है, लेकिन द मंकी चर्चों के साथ पूरे अमेरिका के सिनेमाघर में एक साथ रिलीज होने वाली पहली फिल्म बन गई है। दरअसल ये फिल्म 21 फरवरी शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी।



# 9 साल की उम्र में शुरू की एक्टिंग...

**नई दिल्ली।** 31 जुलाई 2000 को जन्मी एक्ट्रेस किम से रोन ने 9 साल की उम्र में एक्टिंग करियर की शुरुआत की। वह जल्द ही उन्हें अ ब्रांड न्यू लाइफ (2009) और द मैन फ्रॉम नाओवेयर (2010) से पहचान मिलना शुरू हो गई। इसके बाद अ गर्ल एट माय डोर (2014) और सीरीज सीक्रेट हीलर (2016 ) में उन्हें लीड रोल मिला, जिन्हें सराहा गया। कम उम्र में सफलता हासिल करने वाली किम से रोन की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ तब चर्चा में आई। जब मई 2022 में वह वह सियोल में नशे में गाड़ी चलाने की एक हाई-प्रोफाइल घटना में शामिल हुईं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हों काफी संपत्ति का नुकसान हुआ और कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं, घटना के बाद, किम ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और अपने एक्टिंग करियर को छोड़ दिया।



# दिमाग और आत्मा से मरा हुआ समाज

**मुंबई।** विक्की कौशल और रशिमका मंदाना अभिनीत फिल्म 'छावा' इस समय सिनेमाघरों में छाई हुई है। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने अपने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की है, जिसमें वह 'छावा'फिल्म पर दर्शकों की आ रही प्रतिक्रियाओं को लेकर टिप्पणी करते हुए उसे महाकुंभ में हुई घटना से जोड़ते हुए कटाक्ष किया है। हाल ही में अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में वह 'छावा' फिल्म को लेकर आ रही प्रतिक्रियाओं पर लिखती हैं कि लोग 500 साल पहले हिंदुओं पर हुए अत्याचारों को काल्पनिक फिल्मों के जरिए दिखाए जाने पर क्रोधित हो रहे हैं। उन्हें महाकुंभ में खराब प्रबंधन की वजह से भगदड़ में हुई मौतों पर कोई क्रोध नहीं आ रहा है। वहां के शवों को बुलडोजर से हटाया गया। ये समाज दिमाग और आत्मा से मरा हुआ है।




# छत्रपति शिवाजी महाराज का पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती मनाई जा रही है, इस मौके पर 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' के निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर रिलीज किया है। जो महान योद्धा की शक्ति, भक्ति और वीरता को दिखाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक योद्धा नहीं थे- वह एक दूरदर्शी, एक नेता थे जिन्होंने धर्म और स्वराज्य की अपनी राह को कभी नहीं छोड़ा। द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी। फिल्म में कांतारा फेम एक्टर ऋषभ शेट्टी छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक संदीप सिंह ने कहा, 'छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती अत्यंत गर्व का क्षण है। यह फिल्म उनकी अदम्य भावना को हमारी हार्दिक श्रद्धांजलि है।

टीवी मसाला



# तेजस्वी प्रकाश ने बनाया लंगर, खुद भी चटकारे लेकर खाती आईं नजर

नई दिल्ली। सोनी लिव एप और सोनी टीवी पर सेलिब्रिटी मास्टरशेफ इंडिया 2025 छाया हुआ है। इस शो में टेलीविजन इंडस्ट्री के जाने-माने चेहरे अपने कुकिंग स्किल्स दिखाते नजर आ रहे हैं। इसमें दीपिका कक्कड़ से लेकर तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली और राजीव अदातिया जैसे कंटेस्टेंट शामिल हैं। हर दिन इन सेलिब्रिटीज को नए-नए टास्क मिलते हैं। ऐसे में इस बार कंटेस्टेंट ने अपने किचन में कुकिंग स्किल दिखाने की जगह गुरुद्वारा पहुंच कर लंगर बनाया और खुद लंगर का स्वाद भी चखा। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आज हमने गुरुद्वारे में लंगर बनाया। सभी को खिलाया और फिर खुद भी इसका स्वाद चखा. इसमें पूरी, पुलाव, खिचड़ी, पालक पनीर, जलेबी, बूंदी के लड्डू, अचार जैसी सभी तरह की चीजें शामिल हैं। तेजस्वी के साथ राजीव अदातिया, फैजू और अन्य कंटेस्टेंट भी लंगर खाते नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर तेजस्वी प्रकाश और सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के कंटेस्टेंट का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और 36 हजार से ज्यादा लोग इसे लाइक कर चुके हैं। कुछ यूजर्स सेलिब्रिटीज के कुकिंग स्किल की तारीफ कर रहे हैं तो कोई कह रहे हैं कि ऐसा लंगर तो हम भी चखना चाहेंगे बता दें कि सिलेब्रिटी मास्टरशेफ में तेजस्वी प्रकाश एक स्ट्रांग कंटेंडर हैं।

## क्या अरमान की असली मां का सच आएगा सामने या कावेरी की होगी जीत?

**नई दिल्ली।** अरमान को लगता है कि अभिरा आरके (रुहान) के लिए गिफ्ट खरीद रही है, जबकि अभिरा को लगता है कि अरमान उसके लिए वैलेंटाइन डे का प्लान बना रहा है। इस बीच, दुकान वाला अरमान से



पूछता है कि क्या वो अपने गिफ्ट में कुछ और जोड़ना चाहता है। अरमान फूल मांगता है, लेकिन इसी बीच अभिरा वहां से चली जाती है। काजल और कावेरी, चारु की तारीफ करती हैं, लेकिन कावेरी कहती है कि वो भविष्य में चारु का साथ नहीं दे पाएगी। ये सुनकर चारु और किंजल परेशान हो जाती हैं। गोयनका परिवार शादी की तैयारियों में व्यस्त होता है। इसी दौरान रूही चाहती है कि अभिरा उसके साथ डांस करे। दूसरी ओर, अरमान अपने चाचा संजय से कहता है कि चारु का ख्याल रखना, क्योंकि वो अब उनके बीच नहीं रहेगा। संजय उसकी बातों का कोई जवाब नहीं देता। अभिरा एक फोटो का इंतजार करती है, लेकिन उसे पता चलता है कि पोद्दार के साथ तस्वीर बदल दी गई है। तभी आरके और अभिरा को पता चलता है कि पोद्दार के घर में अरमान की असली मां की तस्वीर है।

# 'आप गलत मेसेज दे रही हैं'

**नई दिल्ली।** राधिका आप्टे पिछले साल मां बनी हैं। एक्ट्रेस ने पिछले साल दिसंबर में अपनी बेटी को जन्म दिया। न्यू मॉम राधिका ने हाल ही में बाफ्ता से एक फोटो शेयर की जिसकी वजह से उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। एक्ट्रेस बाफ्ता अवॉड्र्स के दौरान वॉशरूम में अपनी बेटी के लिए ब्रेस्ट मिल्क पंप करते दिख रही हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने हाथ में शैंपेन ग्लास पकड़ रखा है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर ये फोटो शेयर करते हुए एक नई मां के तौर पर अपना संघर्ष शेयर किया, लेकिन कुछ ही देर में वो सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर आ गईं। दरअसल, एक्ट्रेस वॉशरूम में अपनी बेटी के लिए ब्रेस्टमिल्क पंप कर रही हैं और वो साथ में एक हाथ में शैंपेन ग्लास पकड़े दिख रही हैं। ये फोटो शेयर करते हुए अंधाधुन फेम एक्ट्रेस लिखती हैं, 'मेरे बाफ्ता की असलीयत। मुझे नताशा का खासतौर पर आभार जताना होगा जिसकी वजह से मैं बाफ्ता अटेंड कर पाई। उसने पूरा शेड्यूल मेरे ब्रेस्टपंपिंग टाइमिंग को ध्यान में रखते हुए बनाया। उसने वॉशरूम में भी मेरा साथ दिया और खासकर के मेरे लिए शैंपेन लाई। एक नई मॉम के तौर पर काम जारी रखना काफी मुश्किल है और हमारी फिल्म इंडस्ट्री में ऐसी सेंसेटिविटी काफी कम देखने को मिलती है। हम इसकी काफी कदर करते हैं।'



एक्ट्रेस की ये फोटो देखते हुए सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। कई यूजर्स ने एक्ट्रेस की फोटो पर कमेंट करते हुए उन्हें ऐसा न करने की नसीहत दे डाली है। एक नेटिजेन एक्ट्रेस की इस फोटो पर लिखते हैं, 'बच्चे को नशा हो जाएगा मैम'। वहीं, दूसरे ने लिखा, 'आप सोसाइटी को गलत मेसेज दे रही हैं। आपको अपनी फोटो में शैंपेन की ग्लास दिखाने की कोई जरूरत नहीं थी. हम महिलाओं की फ्री विल को शराब के साथ जोड़ रहे हैं।'राधिका आप्टे ने पिछले साल अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट करके सभी को हैरान कर दिया था।

# गुरुदत्त के शादीशुदा जीवन में इस एक्ट्रेस ने मचा दी थी उथल-पुथल, आखिर में न मिला प्यार, न परिवार

**नई दिल्ली।** अभिनय की दुनिया में प्यार, शादी, धोखा और फिर तलाक शुरुआत से ही आम है। फिल्म इंडस्ट्री में बहुत कम कपल हैं, जिनके प्यार को मुकाम मिला है। फिल्मी दुनिया में तो शादीशुदा स्टार्स का दूसरे प्यार पड़ जाना और फिर अपना घर बर्बाद करना आम है। इसमें एक नाम है 50 से 60 के दशक के उस एक्टर का, जिसकी शादीशुदा जिंदगी में आई इस लड़की ने तबाही मचा दी थी। इस एक्टर का परिवार जीते-जी नरक की खाई में डूबने लगा, आखिर में इस एक्टर को ना तो प्यार मिला और ना ही परिवार। कभी यह एक्टर हिंदी सिनेमा की शान हुआ करता था। यह ना सिर्फ एक्टर बल्कि फिल्म डायरेक्टर और निर्माता भी था।

## 1953 में गीता से रचाई शादी

दरअसल, बात कर रहे हैं गुरुदत्त की, जिनका असली नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोण था। गरीबी में पले-बढ़े गुरुदत्त 10वीं क्लास से आगे नहीं पढ़ पाए,



लेकिन संगीत और कला में रूचि होने के चलते स्कॉलरशिप मिली और उदय शंकर इंडिया कल्चर सेंटर में एडमिशन ले लिया। यहां गुरुदत्त ने डांस सीखा और कोरिग्राफर बन गए। 1946 में फिल्म हम एक में बतौर कोरियोग्राफर करियर की शुरुआत की। साल 1953 में गुरुदत्त ने गीता से शादी रचाई और शादी के चार साल बाद ही गुरुदत की जिंदगी बर्बादी के रास्ते पर आ गई। रिपोट्र्स की मानें तो गुरुदत्त गुजरे जमाने की एक्ट्रेस वहीदा रहमान के प्यार में पड़ गए थे। इसके बाद गुरुदत्त और गीता के झगड़े हद से ज्यादा बढ़ गए।

## शादी भी टूटी और प्यार भी छूटा

दूसरी तरफ गुरुदत्त की आंखों से वहीदा की तस्वीर नहीं जाती थी। गुरुदत्त वहीदा के प्यार में पत्नी और परिवार सबको भूलते जा रहे थे। गीता ने गुरुदत्त को रंगे हाथ पकड़ने के लिए वहीदा के नाम से एक खत भेजा और पत्र में लिखी लोकेशन पर जब गुरुदत्त अपने दोस्त अबरार संग पहुंचे तो, थोड़ी देर में गीता अपनी सहेली संग वहां पहुंचीं। इसके बाद गुरुदत्त भड़क गए और यहां से दोनों का रिश्ता टूट गया। वहीं, गीता ने वहीदा पर भी खूब भड़ास निकाली थी। गीता ने कहा था जब से वहीदा की हमारी जिंदगी में एंट्री हुई, तबसे हम लोगों की जिंदगी नर्क से बदतर हो गई'। वहीं, कहा जाने लगा कि गुरुदत्त और वहीदा ने धर्म बदल शादी कर ली, लेकिन इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई। गुरुदत्त शराब के नशे में डूबते गए और वहीदा भी दूर होती गईं और एक दिन वह अपने बिस्तर पर बेसुध मिले।

## 10 मील तक सड़क पर उमड़ा था फैंस का सैलाब

# अपनी इस फिल्म के प्रीमियर पर रो पड़े थे राजेश खन्ना



***नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में जब-जब सुपरस्टार्स की बात होती है, तो सबसे पहला नाम फिल्म इंडस्ट्री के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना का आता है। आज भले ही सुपरस्टार 'काका' हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी अदायगी और फिल्में हमारे जहन में अभी भी जिंदा हैं। राजेश खन्ना ने फिल्म इंडस्ट्री में 60 के दशक में कदम रखा था और 70 के दशक के अंत तक कई सुपरहिट फिल्में दी थीं। राजेश खन्ना फिल्म इंडस्ट्री के वो इकलौते स्टार कहे जाते हैं, जिन्होंने सिनेमा की दुनिया का असली स्टारडम महसूस किया था। लड़कियां राजेश खन्ना के लुक की दिवानी थी और उन पर जान छिड़कती थी. 80 के दशक के अंत तक राजेश खन्ना का स्टारडम धूमिल होता गया और उन्होंने अपने जीवन के उन पलों को याद किया था, जब वह सफलता की ऊंचाइयों को छू रहे थे।*

## जब फैंस की भीड़ को देख रोए थे काका

राजेश खन्ना ने कहा था, 'मैंने महसूस किया था कि मैं ईश्वर के बहुत निकट हूं, मुझे अभी भी वह पल याद है, जब पहली बार मुझे पता चला कि सफलता कितनी आश्चर्यजनक हो सकती है, यह आपको पूरी तरह से परेशान भी कर सकती है और आपको यह आम इंसान ना होने का भी एहसास दिला देती है? फिल्म अंदाज (1971) के ठीक बाद, बैंगलोर में विधानसभा में आयोजित लॉटरी ड्रा में हुआ था, एबी जब आप वहां गए थे, तो हम एक साथ काम कर रहे थे, राजेश खन्ना ने कहा हां, और मुझे याद है। क्योंकि, अंदाज का प्रीमियर था



वहां, पूरी सड़क, (जो लगभग 10 मील लंबी थी) पर फैंस के सिर के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था और उनकी आवाजों की सिर्फ एक ही गूंज थी, जो हमारे कानों में गूंज रही थी। हाहाहाहा... आपको पता है यह नजारा बिल्कुल रोमन के समय के एक दर्शकों से भरे स्टेडियम जैसा था और इस नजारे को देखकर मैं एक बच्चे की तरह रोया था'।

## फिल्म अंदाज के बारे में

बता दें, फिल्म अंदाज (1971) एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म को सलीम जावेद और गुलजार ने मिलकर लिखा था और शोले (1975) के डायरेक्टर रमेश सिप्पी की यह डायरेक्शनल डेब्यू फिल्म थी। फिल्म में राजेश खन्ना के अपोजिट हेमा मालिनी थी और इस फिल्म के हिट होने से हेमा मालिनी का भी फिल्मी कॅरियर हिट हो गया था।

## खबर संक्षेप

### भव्य कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण का शुभारंभ

**बिलासपुर।** नर्मदा यादव के निवास स्थान ग्राम बेलतरा में 18 से 27 फरवरी तक शिवजी के नवनिर्माण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पहले दिन का कथा से पहले दोपहर 12 बजे कलश यात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव का भ्रमण कर वापस कथा स्थल पर पहुंची। उसके बाद कथा वाचक पंडित ओमप्रकाश शर्मा बाम्हू वाले ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व्यास पीठ से कथा का शुभारंभ किया। कथा में मुख्य यजमान नर्मदा यादव एवं उनकी धर्मपत्नी जानकी यादव हैं।

### श्रीमद्भागवत कथा, संत सम्मेलन का आयोजन

**गौरेला।** क्षेत्र के सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए सार्वजनिक 5 कुंडीय श्री महामृत्यंजय महायज्ञ, 18 पुराण का पारायण, श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल संत सम्मेलन का आयोजन 19 से 27 फरवरी तक गौरेला में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आचार्य बालकृष्ण शुक्ला ने बताया की धर्म नगरी गौरेला में बस स्टैंड के पास शर्मा सॉ मिल, समता नगर में यह आयोजन पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ संपन्न होगा। पुरानी लंका चित्रकूट पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य स्वामी रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य जी महाराज की उपस्थिति में पूज्य देवप्रवर प्रपन्नाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का वाचन होगा। इसी के साथ 5 कुण्डीय सवा करोड़ श्री महामृत्युंजय हवनात्मक महायज्ञ, 18 पुराण का सम्पूर्ण पारायण पाठ 35 योग्य विद्वान आचार्य-ब्राम्हणों द्वारा होना सुनिश्चित हुआ हैं। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार 26 फरवरी को रात्रि 9 बजे से सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं सामूहिक रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया जाएगा। 19 फरवरी को दोपहर 3 बजे से कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रतिदिन सुबह 7.30 से 12 बजे तक हवन-पूजन होगा एवं दोपहर 3 से 7 बजे तक कथा होगी। विशाल संत सम्मेलन में अनेक तीर्थो से 108 विभिन्न जगतगुरु, महामण्डलेश्वर व संत उपस्थित रहेंगे एवं नगरवासियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। आचार्य बालकृष्ण शुक्ला ने सभी नगरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आव्हान किया है।

### स्कूल मैदान में लगाई जा रही 1 करोड़ की फ्लड लाइट

**तखतपुर।** नगर विधायक के प्रयास से 1 करोड़ रूपए से अधिक की राशि से बालक हाई स्कूल मैदान में फ्लड लाईट लगाने का कार्य प्रगति पर है। नगर के शास जनक लाल मोतिलाल पाण्डेय हाई स्कूल मैदान में खिलाड़ियों की मांग पर विधायक धर्मजीत सिंह ने फ्लड लाईट लगवाने का वादा किया था। फ्लड लाईट लगने से इस हाई स्कूल मैदान में देर रात तक खेल सकेंगे। फ्लड लाइट लगने से खिलाड़ियों में भारी उत्साह है। नगर के क्रिकेट प्रेमी एजाज अंसारी ने बताया कि हाई स्कूल मैदान में फ्लड लाइट लग जाने से रात्रि में क्रिकेट खेलने की जो इच्छा थी वह पूरी हो जाएगी। फ्लड लाइट लगने से सभी खिलाड़ीयों में उत्साह है। बालक हाई स्कूल में लगभग 1 करोड़ की लागत से पिछले एक महीने से फ्लड लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है।

### दुर्गावती कॉलेज में एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान

**तखतपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती गर्ल्स कॉलेज के वनस्पति शास्त्र विभाग एवं जंतुशास्त्र विभाग द्वारा जैव उर्वरक, जैविक खेती अनुप्रयोग एवं पक्षी जैव विविधता विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुभा वर्मा वनस्पति शास्त्र के विशेषज्ञ एवं अमन कुमार टोप्पो जंतुशास्त्र के विशेषज्ञ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य ने की। कार्यक्रम का संचालन जंतु शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक सुरेश कुमार पटेल एवं वनस्पति शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक अर्चना मरकाम ने किया। सुभा वर्मा ने अपने व्याख्यान में बताया कि आजकल की तेजी से बढ़ती कृषि तकनीकों के बीच पर्यावरणीय संकट और रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों से बचने के लिए जैविक खेती और जैव उर्वरकों का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है।

**तीन लुटेरों ने दिया वारदात को अंजाम** | **पूर्व प्रधान पाठक को बंधक बनाकर लाखों की लूट**

# 3 लाख नकद सहित सोने-चांदी के जेवर लूटकर फारार हुए नकाबपोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम मसना में पूर्व प्रधान पाठक को बंधक बनाकर पत्नी के सिर पर हथियार रखकर लाखों की लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नकाबपोश लुटेरों ने लगभग 10 तोला सोना एवं 1 किलो के चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को ग्राम मसना में रात 8 बजे पांच नकाबपोश बदमाशों ने पूर्व प्रधान पाठक द्वारिका दास वैष्णव 62 वर्ष के मकान में घुसे। बदमाशों ने पहले द्वारिका दास के हाथ पैर बांधकर उनको दूसरे कमरे में बंद कर दिया एवं दो बदमाशों ने उनकी पत्नी शैल वैष्णव के सिर पर हथियार रखकर घर में रखे सोने व चांदी का सामान बाहर निकलवाया एवं सामान लोकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने लगभग 3 लाख नकदी, 10 तोला सोना एवं 1 किलो चांदी के आभूषण लूट कर फारार हो गए। पीड़ित के परिजन ने बताया कि दो बाइक में पांच बदमाश सवार थे, जिनमें 3 लुटेरों के पास पिस्तौल एवं चाकू जैसे हथियार से थे। तीन लुटेरों ने घर के अंदर घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिए जिससे प्रधान पाठक का परिवार सहमा हुआ है। परिजन ने बताया कि द्वारिका दास ने उक्त आभूषण अपनी पुत्री के विवाह के लिए रखे हुए थे। लुटेरों के फरार होने के बाद पीड़ति ने घर से बाहर निकलकर चिल्लाते हुए


आलमारी का बिखरा सामान इनसेट में पीड़ित दंपती।

पड़ोसियों को घटना से अवगत कराया जिससे उनके घर के आसपास देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रही। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस रात 10 बजे घटनास्थल पर पहंची एवं तस्दीक शुरू की गई। पुलिस की दो टीमों को तत्काल आरोपियों की तलाश के लिए रवाना किया गया लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। बुधवार की सुबह थाने पहुंचकर पीड़ति परिवार ने अज्ञात तत्वों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। गौरतलब है कि बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में घटना को अंजाम दिया जिससे इलाके के लोगों में भय का माहौल है। चूंकि गांव में ऐसी घटना इससे पहले नहीं हुई थी ऐसे में क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि पीड़ति का घर गांव के आखिरी में तलाब के पास है जिसके कारण बदमाशों को घटना को अंजाम देने में आसानी हुई। द्वारिका दास वैष्णव दो माह पूर्व ही प्रधान पाठक के पद से रिटायर हुए थे। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने 3 अज्ञात नकाबपोश लुटेरों के खिलाफ 309(4),331(6),127 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

सूचना मिलते ही रात में पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पहुंचकर तस्दीक की है। पांच अलग-अलग टीमों को लुटेरों की खोजबीन के लिए रवाना किया गया। तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

**- अखिलेश वैष्णव,** टीआई

# सीपत के जिपं सदस्य राजेन्द्र, अरुणा, मनोज जपं सदस्य हुए निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

मस्तूरी विकासखंड के अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी राजेंद्र धीवर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नंदिनी पवन साहू को 2080 मतों से हराकर सफलता का परचम लहराया। बता दें कि इस जिला पंचायत क्षेत्र में कुल 29 ग्राम पंचायत हैं जिसमें कुल 40 ग्राम शामिल थे।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कुल 9 प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें दिकपाल सिंह 2031, हेमंत यादव 4239, महेश्वर सिदार 705, नंदिनी पवन साहू 8882, नूरी दिलेंद्र कौशिल 7405, राजेंद्र धीवर 10962, रामचरण साहू 462, संतोष कुमार भोई 623 एवं सुरेश महंत ने 1685 मत प्रप्त किया। इस तरह राजेंद्र धीवर ने अपने निकटतम प्रत्याशी नंदनी पवन साहू को 2080 मतों से पराजित कर विजय हासिल की। श्री धीवर वर्तमान में सीपत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी हैं। इनकी जीत पर समर्थकों में खासा उत्साह है। इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अंजली राजू सूर्यवंशी को 5588 मतों से पराजित किया। इस जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से





कुल 5 प्रत्याशियों ने चुनावी रणभूमि में अपनी किस्मत आजमाई जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी अंजली राजू सूर्यवंशी को 7358 ,भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या को 12946, संध्या तोमर को 2304, वोट सुलोचना लक्ष्मीनारायण को 3960, तुलसी राहुल सोनवानी को 5744 वोट प्राप्त हुए।

इस तरह अरुणा चंदप्रकाश सूर्या ने 5588 वोटो के अंतर से अंजलि राजू सूर्यवंशी को पराजित कर बाजी मारी। सीपत जनपद क्षेत्र क्रमांक 6 से मनोज खरे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 377 मतों से लीड कर जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है निश्चित ही उनकी उम्मीदों पर खरा उतरकर सीपत के विकास में कोई कसर नही छोड़ूंगा। जनपद सदस्य बनने पर इनके शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्ववल भविष्य की कामना की है।



## प्रतिनिधियों का किया गया अभिनंदन

**बिल्हा।** हनुमान चालीसा कुटिया मंदिर बिल्हा द्वारा हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्पित विचारधाराओं से जुड़े नवनिर्वाचित अध्यक्ष वंदना जेंड्रे, पार्षद व भावी उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, हनुमान चालीसा समिति के सहयोगी पार्षद मोहन डोरिया, समिति के उपाध्यक्ष पार्षद राजेश शर्मा का अभिनंदन व स्वागत समिति के संरक्षक डॉक्टर आरसी अग्रवाल के नेतृत्व में हनुमान दुपट्टा पहनाकर व तिलक लगाकर किया गया। उपरोक्त सभी सम्मानित लोगों ने हनुमान चालीसा के पाठ व आरती में सम्मिलित होकर हनुमानजी व श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया। साथ ही सतीश शर्मा ने नगर के चौमुखी विकास के प्रति अपनी कटिबद्धता की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रांश नौबतका, अग्रवाल, पंडित कैलाश शर्मा, हरीश महाराज, मोनू नौबतका, राजेश नागलिया, कालू सलूजा, संजय बग्गा, राहुल शर्मा, शिवम नौबतका, हृदय यादव, सुरेंद्र अग्रवाल, कन्हैया नौबतका, सुखी देवांगन, नवीन अग्रवाल, राजकुमार मानिकपुरी का सहयोग से सराहनी रहा।

## तोखन की मतदाताओं से अपील: पंचायत चुनाव में बढ़-चढ़कर करें मतदान



**बिलासपुर।** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अपील की है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह मतदाताओं ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनावों में लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई है, उसी प्रकार पंचायत चुनाव में भी उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। तोखन साहू ने अपने संदेश में कहा कि पंचायत चुनाव स्थानीय प्रशासन की आधारशिला होते हैं एवं इनके माध्यम से जनता को अपने क्षेत्र के विकास में भागीदार बनने का अवसर मिलता है। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग सोच समझकर करें और ऐसे प्रत्याशी का समर्थन करें जो क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को उठाता हो, जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा रहता हो और राष्ट्रहित तथा समानता की भावना को प्राथमिकता देता हो।

उन्होंने कहा 'सशक्त लोकतंत्र, सक्रिय भागीदारी, करें मतदान, निभाएं जिम्मेदारी' यह न केवल एक अधिकार है बल्कि समाज और देश के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।

श्री साहू ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

बुधवार को भाजपा कार्यालय रायपुर में तोखन साहू से पाटन विधानसभा के कुम्हारी नपा की नवनिर्वाचित मीना वर्मा सहित 11 पार्षद साथियों ने मुलाकात कर सभी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी।

## निर्वाचन अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियों को दिया प्रमाण पत्र



**मस्तूरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में 17 फरवरी सोमवार को मस्तूरी ब्लॉक में पंच का चुनाव संपन्न हुआ। विजयी जनप्रतिनिधियों को बुधवार को डीएवी स्कूल स्थित मतगणना स्थल में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सोमवार को जनपद पंचायत क्षेत्र के अधीनस्थ 131 ग्राम पंचायत, 25 जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं 5 जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव सम्पन्न होना था लेकिन ब्लॉक के 131 ग्राम पंचायतों में से 6 ग्राम पंचायत में सरपंच, एवं 647 पंच निर्विरोध चुने गए थे। शेष बचे 125 पंचायत के लिए सरपंच, 1304 पंच, 25 जनपद सदस्य एवं 5 जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव हुआ। चुनाव पश्चात मतदान केंद्र पर ही प्रत्याशियों को मिले मत की गणना उनके एजेंट के सामने होने से सभी उम्मीदवारों ने हार-जीत का अनुमान तो लगा लिया था लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इसकी घोषणा नहीं हो पाई थी। बुधवार को मतगणना स्थल पर परिणामों की घोषणा करते हुए जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के अभ्यर्थियों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा जीत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी एसडीएम प्रवेश पैकरा, तहसीलदार जयंती देवांगन, सीपत तहसीलदार सोनू अग्रवाल, नायाब तहसीलदार उमाशंकर लहरे, देश कुमार कुर्रे, सीईओ जेआर भगत, कार्यक्रम अधिकारी रुचि विश्वकर्मा, मिथिलेश देवांगन, बीएल कुर्रे सहित काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं उनके शुभचिंतक उपस्थित रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सभी तैयारियां पूरी

**लोरमी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ब्लॉक के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होना है। लोरमी ब्लॉक की जिला पंचायत सदस्य की 5 सीट के लिए 27 प्रत्याशी, जनपद सदस्य की 25 सीटों के लिए 119 प्रत्याशी, सरपंच के 135 सीटों के लिए 619 प्रत्याशी और पंच के 1358 सीटों के लिए 3163 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। 147 पंचायतों में 439 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। क्षेत्र में कुल 2 लाख 26 हजार 4 सौ 14 मतदाता हैं जिनमें 1 लाख 11 हजार 7 सौ 21 महिला, 1 लाख 14 हजार 6 सौ 88 पुरुष एवं अन्य 5 मतदाता हैं। जनपद पंचायत में कुल 269 मतदान दलों का गठन किया गया है, जिनमें 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। ग्राम सारधा स्थित शास औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्ट्रांग रूम के लिए आरक्षित किया गया है, जिसमें 25 जनपद सदस्यों एवं 5 जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव की पेटी को सुरक्षित रखा जाएगा। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए सभी आवश्यक तैयारी कर ली गई है। पंच एवं सरपंचो के परिणामों की घोषणा तत्काल की जाएगी एवं जनपद व जिला सदस्यों की मतगणना सारधा में होगी।



## जरहागांव से 6 जनपद एवं 2 जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित



**जरहागांव।** त्रिस्तरीय चुनाव के तहत प्रथम चरण का चुनाव 17 फरवरी को हुआ जिसमें पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिपं सदस्यों का निर्वाचन हुआ। जरहागांव तहसील क्षेत्र में 6 जनपद सदस्य तथा दो जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन हुआ। त्रिस्तरीय चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार कुणाल पांडेय के द्वारा चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। मिली जानकारी के अनुसार जनपद क्षेत्र छतौना से रीना दुर्गेश साहू, दशरंगपुर जनपद क्षेत्र से पुष्प लता मोहले, जनपद क्षेत्र धनगांव से पवन पांडेय ने जीत हासिल की। इसी तरह जनपद क्षेत्र भथरी से राज साहू, जनपद क्षेत्र पदमपुर से गोविंद मोहले, ठकुरीकापा जनपद क्षेत्र से वेद मंडल ने जीत का परचम लहराया। वहीं जिला पंचायत सदस्य के लिए दशरंगपुर जिला क्षेत्र से श्रीकांत मिश्रा तथा धरमपुरा जिला क्षेत्र से उमाशंकर साहू ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। विजय प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों का आभार व्यक्त किया।

# नवनिर्वाचित जपं सदस्यों को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र



**मुंगेली।** नगरीय निकाय चुनाव के बाद मुंगेली में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्यों का सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा की गई।

जनपद पंचायत मुंगेली के विजयी जनपद सदस्यों की सूची तैयार कर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रक्रिया पूरी कर विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया गया। एसएनजी महाविद्यालय में आज मुंगेली ब्लॉक के अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्यों का सारणीकरण किया गया एवं निर्वाचित जनपद सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विजयी प्रत्याशियों में जनपद क्षेत्र सेतगंगा से संगीता कमल लोचन टोण्डर, जनपद क्षेत्र छटन से खोरबहरीन लालाराम साहू, नागोपहरी से जानकी नेमसिंह बारमते, सिल्ली से राजेश कुमार अंचल, पौनी से किरण गिरधर घृतलहरे, टेढाधौरा से रजनी जय ओगरे, निरजाम से रामकमल सिंह परिहार, चकरमठा से मंदाकिनी हुपेश कुमार साहू, पुरान से रघुराज प्रताप सिंह ठाकुर, पण्डरभटा से राणाप्रताप सिंह, नवागांव ची से शक्ति सिंह ठाकुर, फंदवानी से तरूण पाटले, कंतेली से ताराचंद टण्डन, जमकोर से भुवन पटेल, सुरदा से राजकुमारी राजेश साहू, खेडा से गीता महेन्द्र यादव, रोहराखुर्द से शुभद्रा लल्लू सिंह राजपूत, कोटवाबानी से संगीता कन्हैया जायसवाल, घरमपुरा से निकिता रतिदास घृतलहरे, धनगांव गो से पवन पाण्डेय, दशरंगपुर से पुष्पलता पद्मनी मोहले, छतौना से लीना दुर्गेश साहू, पदमपुर से गोविंद प्रसाद मोहले, भथरी से दिलेश्वर राज साहू, ठकुरीकापा से बेदमण्डल ध्रुव शामिल हैं। विजयी प्रत्याशियों को रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार कुणाल पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजीव तिवारी ने प्रमाण पत्र वितरण किया।

# पंचायत चुनाव के दूसरे चरण की तैयारी पूरी ढाई लाख मतदाता करेंगे मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत द्वितीय चरण में होने वाले चुनाव के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्रों में पेयजल, छाया, बिजली सहित तमाम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया 20 फरवरी को सुबह 7 बजे से शुरू होगी। मतदान दलों को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र सारधा लोरमी में मतदान सामाग्री का वितरण कर मतदान केन्द्रों की ओर रवाना किया गया। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक रामप्रसाद चौहान, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने दलों को किए जा रहे मतदान सामाग्री वितरण का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि लोरमी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 147 ग्राम पंचायत के लिए 439 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं एवं 24 सेक्टर अधिकारियों तथा रिजर्व सहित 527 मतदान दलों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिए 92 रूट बनाए गए हैं। द्वितीय चरण के चुनाव में 1 लाख 14 हजार 605 पुरूष मतदाता, 1 लाख 11 हजार 924 महिला मतदाता एवं 10 तृतीय लिंग सहित कुल 2 लाख 26 हजार 899 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जनपद पंचायत लोरमी क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत के 5 सीटों के लिए 27 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 119 प्रत्याशी, सरपंच के 135 सीटों के लिए 619 प्रत्याशी और पंच के 1358 सीटों के लिए 3163 प्रत्याशी चुनाव के मैदान में है।

## धरमपुरा क्षेत्र से निकिता जनपद सदस्य निर्वाचित

**तखतपुर।** ग्राम धरमपुरा जनपद क्षेत्र से निकिता रतिदास घृतलहरे ने जनपद सदस्य के लिए जीत दर्ज की है। धरमपुरा जनपद क्षेत्र से 7 प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें निकिता रतिदास घृतलहरे ने 256 मतों से जीत दर्ज की। जीत के पश्चात गांव में विजय जुलूस निकाला गया।



## बस के नीचे आने से परिचालक की मौके पर हुई मौत

**तखतपुर।** बस में सवारी बैठाने के लिए चलती बस से नीचे उतरते हुए बस के परिचालक का संतुलन बिगड़ गया एवं वह बस की चपेट में आ गया। घटना में परिचालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जरहागांव थाना अंतर्गत बरेला निवासी राममिलन तिवारी मां शारदा ट्रेवर्ल्स की बस क्रमांक जीसी 10 एक्यू 7732 में परिचालक का काम करते थे। बुधवार को बस कवर्धा से बिलासपुर की ओर आ रही थी तभी लगभग 1:30 बजे जरहागांव थाना अंतर्गत ग्राम फरहदा मोड़ के पास यात्री को बस बैठाने के लिए राममिलन तिवारी चलती बस से उतरे। बस की गति तेज होने के कारण राममिलन अनियंत्रण होकर गिर पड़े एवं बस के नीचे आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना तखतपुर थाना प्रभारी देवेश राठौर को फोन कर दी गई। पुलिस बस को तखतपुर बस स्टैंड में रोककर थाने ले गई एवं चालक रोहित कुमार साहू को हिरासत में लेकर जरहागांव थाने को सूचित किया गया।

## नाम परिवर्तन की सूचना

मैं युसूफ अंसारी उम्र 37 साल पिता श्री मोहम्मद अय्यूब अंसारी जाति-मुसलमान निवासी साकिन वा. क्रं. 6 मुसलमान मोहल्ला तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. का निवासी हूं। जो कि मेरे नाम पर भारतीय स्टेट कियोष्क बैंक शाखा तखतपुर में खाता संख्या 3681342874 संचालित है। जिसमें मेरा नाम मोहम्मद युसुफ खान अंकित है। एवं मेरे आधार कार्ड संख्या 882154198599 पर मेरा नाम युसूफ अंसारी अंकित है।

अत: मैं अपने बैंक पासबुक व अन्य कागजात में अंकित नाम मोहम्मद युसुफ खान को सुधार करते हुए आधार कार्ड में अंकित नाम "युसूफ अंसारी" के नाम जाना व माना जावे एवं अपने समस्त कागजात एवं बैंक पासबुक में "युसूफ अंसारी" नाम दर्ज किया जावे।

दिनांक .......

भवदीय
युसूफ अंसारी
वा. क्रं. 6, मुसलमान मोहल्ला
तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉंच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

19- FEB-- BSP-PG-6_Layout 1 2/20/2025 12:05 AM Page 1



# तीन दिन सारनाथ रद्द : 25 हजार श्रद्धालुओं की टिकिट रिफंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जाने वाले प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए सबसे जरूरी ट्रेन सारनाथ एक्सप्रेस के पहियों को 23 फरवरी तक थामने का आदेश रेल अफसरों ने जारी कर दिया है। इसके कारण ट्रेन की बुकिंग भी बंद हो गई है, जिसके कारण दुर्ग से लेकर बिलासपुर और उसलापुर सहित अन्य स्टेशनों से जाने वाले 25 हजार से अधिक यात्रियों को रिफंड की राशि वापस की जा रही है। महाकुंभ में जाने के लिए अब सारनाथ एक्सप्रेस के यात्री स्पेशल ट्रेन का सहारा ले रहे हैं, जिसकी वजह से स्पेशल ट्रेन की बुकिंग शुरु होते ही वेटिंग की स्थिति बन गई है।

- ट्रेन के निरस्त होने से स्पेशल ट्रेन में बढ़ गई है यात्रियों की भीड़

प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित होने वाले महाकुंभ का अंतिम समय आ गया है, जो 26 फरवरी तक चलेगा। इस आयोजन में अभी एक सप्ताह शेष है। महाकुंभ में जाने के लिए प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। प्रतिदिन बिलासपुर, रायपुर सहित अन्य जिलों से प्रयागराज में जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 80 हजार से अधिक है, जो ट्रेन के साथ अपने निजी वाहन और बस से प्रयागराज तक आना-जाना कर रहे हैं। प्रदेश से प्रयागराज और बनारस की ओर जाने वाली मुख्य ट्रेन सारनाथ एक्सप्रेस में प्रयागराज जाने के लिए 26 फरवरी तक लोग अलग-अलग दिन में प्रयागराज जाने के लिए बुकिंग कराते रहे। इस ट्रेन में भीड़ अधिक होने की स्थिति में रेलवे बोर्ड के आदेश पर एसईसीआर बिलासपुर जोन ने कुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक-एक फेरे के लिए शुरु कर दिया था, जिसके बावजूद सारनाथ एक्सप्रेस में यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो सकी। दूसरी ओर प्रयागराज संगम और प्रयागराज स्टेशन पर स्पेशल के साथ सामान्य ट्रेनों के अधिक होने के कारण प्लेटफार्म खाली नहीं मिल पा रहे थे। इसे देखते हुए प्रयागराज स्टेशन तक जाने वाली दुर्ग-छपरा और छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस का परिचालन डायवर्ट करते हुए प्रयागराज छिक्की से कर दिया गया। प्रयागराज स्टेशन के बजाय यात्री सारनाथ एक्सप्रेस प्रयागराज छिक्की तक आने-जाने लगे थे। वर्तमान में ट्रेन के जनरल कोच के साथ स्लीपर और एसी कोच की स्थिति ऐसी है कि 26 फरवरी तक किसी भी तरह से यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे समय में रेल प्रशासन ने 19 फरवरी यानि बुधवार से शुक्रवार यानि 20 और 21 फरवरी तक दुर्ग से रवाना होने वाली 15160 सारनाथ एक्सप्रेस को दुर्ग से और 21, 22, 23 फरवरी को छपरा से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस के पहियों को थामने का आदेश जारी कर दिया है।



**रद्द की गई थी पहले सारनाथ**

महाकुंभ आयोजन से पहले रेल प्रशासन ने कोहरे के नाम से सारनाथ एक्सप्रेस को पहले ही 28 फरवरी तक रद्द करने का आदेश जारी कर दिया था। महाकुंभ में जाने के लिए प्रदेश से एकमात्र ट्रेन सारनाथ थी, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री कटनी, मैहर, नैनी, प्रयागराज, बनारस और बिहार तक सफर करते हैं। इस ट्रेन के रद्द होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनप्रतिनिधियों और यात्रियों की मांग पर महाकुंभ शुरु होने से पहले रेल प्रशासन ने रद्द की गई सारनाथ एक्सप्रेस को पटरी पर वापस दौड़ाना शुरु कर दिया गया।

### चार स्टेट में दौड़ती है ट्रेन

महाकुंभ का आयोजन शुरु हुए एक माह से अधिक हो चुके हैं। सारनाथ एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें ज्यादातर लोग अस्थि विसर्जन और पिंडदान करने के लिए प्रयागराज और बनारस तक सफर करते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार चार स्टेट से चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में साल भर यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। बिलासपुर डिवीजन के अलावा ट्रेन रायपुर डिवीजन के दुर्ग स्टेशन से रवाना होकर रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, कटनी मुरवारा होकर मैहर से प्रयागराज होते हुए छपरा तक पहुंचती है। जिन स्टेशनों पर सारनाथ एक्सप्रेस के स्टापेज नहीं होते हैं, उन स्टेशनों के यात्री भी दूसरी ट्रेन या दूसरे संसाधन से सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करने के लिए पहुंचते हैं। तीन से चार दिन तक सारनाथ एक्सप्रेस के रद्द होने के कारण दुर्ग से कटनी मुरवारा तक यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### समृद्ध धरोहर का प्रतीक है नैरोगेज म्यूजियम

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के नागपुर मंडल में स्थित नैरोगेज म्यूजियम नैनपुर रेलवे की समृद्ध विरासत का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। 2017 में उद्घाटन के बाद से ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। यह संग्रहालय देश की सबसे लंबी नैरोगेज रेल प्रणाली, सतपुड़ा रेलवे के इतिहास को सहेजने और नई पीढ़ी को इसकी महत्ता से परिचित कराने का कार्य कर रहा है। नैरोगेज म्यूजियम में ऐतिहासिक रेल प्रणाली से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण अवशेषों को संरक्षित किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से पुराने रेल इंजन, रोलिंग स्टॉक, रेल कर्मियों द्वारा उपयोग किए गए उपकरण, सतपुड़ा रेल प्रणाली से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरें और दस्तावेज, नैरोगेज ट्रेनों की मॉडल प्रतिकृतियां और सतपुड़ा रेलवे के ऐतिहासिक विकास को दर्शाने वाली जानकारी प्रदर्शनी शामिल है। सतपुड़ा रेल प्रणाली के बंद होने के बावजूद इसे ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संजोकर रखना रेलवे की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नैरोगेज इतिहास को सहेजने और भविष्य की पीढ़ियों को इससे जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस संग्रहालय का उद्देश्य न केवल बीते समय की यादों को जीवंत रखना है, बल्कि रेलवे के ऐतिहासिक योगदान को भी उजागर करना है।

### रेलवे हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने की सफल ऑपरेशन

**बिलासपुर।** रेलवे अस्पताल में चिकित्सा सेंवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। हाल ही में एक महत्वपूर्ण जटिल सर्जरी का सफलतापूर्वक संचालन इसकी उत्कृष्टता को साबित करता है। यह सफलता डॉक्टरों और उनकी टीम की कुशलता और समर्पण का परिणाम है। केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय में आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा और सर्जरी जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध होती है। यहां मरीजों को अत्याधुनिक उपचार दिया जाता है, जिससे वह शीघ्र स्वस्थ हो सकें। इसके अलावा दवाइयां और जांच सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। विगत दिनों यहां के चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक एक जटिल आपरेशन किया है। 46 वर्षीय महिला के पेट से 21 सेमी बाई 18 सेमी बाई 17 सेमी आकार का 3.2 किलोग्राम वजन का एक बड़ा गर्भाशय ट्यूमर निकाला गया, जिसे स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. बी प्रधान, डॉ. आईबी मिंज, एनेस्थेटिस्ट डॉ. पीके सिंह और आपरेशन थियेटर नर्स व स्टाफ की टीम ने निकाला। मरीज को पिछले पांच साल से ट्यूमर था, अब उसकी हालत में काफी सुधार हो रहा है।

### तकनीकी सेमीनार का हुआ आयोजन

**बिलासपुर।** दो माह में रेल के संरक्षा विभाग ने अवांछित घटनओं की रोकथाम हेतु व रेलवे बोर्ड द्वारा चलाई गई संरक्षा अभियान के मद्देनजर कई महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर सेमीनार आयोजित किया। दिसम्बर 2024 माह में रेल पथ से संबंधित आनलाइन सेमिनार में ट्रैक मशीन संचालन में दुर्घटनाओं से बचने के लिए निवारक उपाय बताए गए, संयुक्त बिंदु पाइंट और क्रासिंग निरीक्षण के दौरान देखी गई कमियों कीअनुपालन के लिए किए जाने वाले कार्यो का ब्यौरा दिया गया। फरवरी 2025 माह में एक आनलाइन मैकेनिकल संरक्षा सेमिनार आयोजित किया गया, जिससे यात्रिक विभाग से संबंधित गर्म धुरी और ब्रेक बाइंडिंग रोलिंग इन और आउट परीक्षा व हॉट बाक्स डिटेक्टर यंत्र व इसके अनुप्रयोग पर चर्चा हुई।

### बहतराई स्टेडियम के पास से 9 और निखिलेश्वरम आश्रम के पास से 6 लोगों को बाहर निकाला गया

# कब्जाधारी घरों के सामने सामान लेकर बैठ गए, हंगामे के बीच खाली कराए 15 आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विवादों के बीच निगम के अतिक्रमण अमले ने अटल आवास में कब्जा करके पिछले पांच सालों से रह रहे 15 परिवारों को खाली कराया। इस दौरान निगम ने बहतराई स्टेडियम के पास से 9 लोगों को और निखिलेश्वरम आश्रम के पास से 6 लोगों का सामान खाली कराते हुए निगम का ताला आवासों में लगाया। इस दौरान अवैध कब्जा करने वाले घर छोड़ने को राजी नहीं हो रहे थे, ऐसे में अतिक्रमण अमला को पुलिस की मौजूदगी में सामान बाहर निकालना पड़ा। इस दौरान भारी हंगामा मचा। कब्जाधारी सामान नहीं निकालने पर अड़ गए। घरों के सामने बैठ गए जिससे निगम की टीम को कुछ देर के लिए पीछे हटना पड़ा।



कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर बुधवार की दोपहर अतिक्रमण टीम बहतराई स्टेडियम के पास और निखिलेश्वरम आश्रम के पास बनाए गए अटल आवास पहुची। यहां पर 15 कब्जाधारियों ने बिना अनुमति घरों में प्रवेश कर लिया था। जांच करने पर पता चला कि न तो इनका पर्ची कटा है और न ही इन्होंने अनुमति ली है। इसके बाद तत्काल मिले निर्देश पर घर खाली करवाने की कार्यवाही की गई। लेकिन कोई भी घर छोड़ने को तैयार नहीं हो रहा था। ऐसे में पुलिस बल का सामने आना पड़ा। इसके बाद एक-एक करके सभी घर का सामान निकाला गया और अवैध कब्जा मुक्त बनाया गया। निगम के मुताबिक इन मकानों को अब पात्र हितग्राही को आबांटित किया जाएगा। निगम प्रबंधन ने साफ किया है। शहर में बने अन्य अटल आवास में कुछ लोग अवैध रूप से रह रहे हैं, जिनकी शिकायत मिल चुकी है। जल्द भी ऐसे लोगों के ऊपर अतिक्रमण अमला कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जा मुक्त करने का काम करेगी।



बहतराई अटल आवास में अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई करते निगम अतिक्रमण दल के सदस्य।

### मकानों पर निगम द्वारा लगाए गए ताले तोड़कर अपात्रों को दिया गया

देखा जाए तो झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवार के लिए नगर निगम क्षेत्र में बनाए गए आवासों पर रसूखदारों ने कब्जा कर लिया है। इन मकानों पर निगम द्वारा लगाए गए ताले को तोड़ते हुए अपात्र लोगों को रहने के लिए दे दिया गया है। नगर निगम के कुछ अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से ऐसे लोगों को आवास आवंटित कर दिए गए हैं, जिनके पास पहले से वन बीएचके व टू बीएचके प्लैट थे। ऐसे रसूखदारों ने अपने आवास को किराए पर दे रखा है या खाली पड़े हैं। दूसरी ओर जरूरतमंद परिवार किराए के मकान में रह रहे हैं। आवास के लिए विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। जिन लोगों से कब्जा खाली कराया गया है वह उन अटल आवास में पिछले पांच सालों से रह रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यह संभव कैसे हुआ। जोन आफिस के साथ ही निगम के मुख्य आफिस के इंजीनियरों और जिम्मेदारों का ध्यान इस तरफ क्यों नहीं गया।

### रसूखदारों ने रोकी कार्रवाई

# बेजा कब्जा हटाने पहुंची टीम बैरंग वापस लौटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह चौक से अपोलो अस्पताल जाने वाली सड़क पर 150 से अधिक लोगों का बेजा-कब्जा है। निस्तारी की सड़क पर कब्जा करते हुए किसी ने मकान तो किसी ने दुकान बना ली है। निगम अफसरों के मुताबिक यहां 5 से 10 फीट तक कब्जा निकल रहा है। इसके साथ ही चिंगराजपारा अमरिया चौक से अपोलो हॉस्पिटल तक जाने वाली सड़क पर कब्जा कर लिया गया है।

- चिंगराजपारा अमरैया चौक से अपोलो हॉस्पिटल तक होनी है

हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया तो निगम की टीम बुधवार को तोड़फोड़ की कार्रवाई करने वाली थी। अतिक्रमण अमले के साथ ही गाड़ियां भी रवाना कर दी गईं थी। अचानक लेकिन निगम के कदम रुक गए और पूरा अमला बहतराई अटल आवास पहुंच गया। बताया जा रहा है कि कुछ रसूखदारों के कब्जे इस अपोलो के रास्ते में है। इन लोगों ने दूसरों को जगह किराया पर भी दे दिया है। इन्हीं लोगों ने एक बार तोड़फोड़ रुकवा दी। हालांकि निगम आयुक्त अमित कुमार का कहना है कि योजना के साथ जगह खाली कराई जाएगी। दो तीन दिन बाद फिर से कब्जा हटाने के लिए निगम अमला पहुंचेगा।

गौरतलब है कि वसंत विहार और राजकिशोर नगर चौक के पास 83 लोगों का का कब्जा पहले के सीमांकन में निकला है। इसके साथ ही लिंगियाडीह चौक से अपोलो अस्पताल जाने वाली सड़क पर 150 लोगों का बेजा-कब्जा है। किसी ने मकान तो किसी ने दुकान बना ली है। निगम ने पूर्व में 75 को नोटिस जारी किया था, लेकिन आगे की कार्रवाई बंद हो गई। हरिभूमि ने मामले को लगातार प्रकाशित किया। हाईकोर्ट ने भी मामले को संज्ञान में लिया तो निगम और प्रशासन की नींद खुली। पिछले सप्ताह फिर से सर्वे करते हुए कब्जाधारियों को जगह खाली करने कहा गया। इसके बाद भी कब्जा नहीं हटा तो निगम ने तय किया कि बुधवार को बुलडोजर चलाया जाएगा। निगम की टीम कार्रवाई के लिए रवाना भी हो गई थी लेकिन बाद में इसे रोक दिया गया।

### 9 मीटर तक सरकारी जमीन पर कब्जा

ध्यान रहे सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम रपटा चौक से वसंत विहार चौक तक नापजोख कर रही है। अब तक अमरैया चौक तक नापजोख पूरी हो चुकी है। टीम सड़क के दोनों ओर 9-9 मीटर तक सरकारी, निजी जमीन और अवैध कब्जों की लिस्टिंग कर रही है। अमरैया चौक तक सड़क के दोनों ओर 50 अवैध कब्जे मिल चुके हैं। इस कारण सड़कें सिमट गई हैं। इसके साथ ही वसंत विहार और राजकिशोर नगर चौक के पास के 83 कब्जाधारियों को नोटिस के बाद कुछ लोगों ने अपना कब्जा हटाया लेकिन बहुत से लोग अभी भी सड़कों पर दुकान- मकान बनाकर बैठे हैं। इसमें से अधिकांश कब्जे रसूखदारों और राजनैतिक पार्टियों से जुड़े लोगों के हैं।

### चौड़ी सड़क बनाने 80 लाख रुपए का आबंटन

राज्य सरकार ने नगर निगम को अपोलो चौक से मानसी लाज तक सड़क चौड़ीकरण और बिजली के खंभे तथा एलटी लाइन स्थानांतरित करने के लिए पहले ही 80 लाख रुपए का बजट भी आबंटित कर दिया गया है। जुलाई 2024 में सड़क चौड़ीकरण और खंभों के स्थानांतरण के लिए कार्य आदेश जारी किया गया था। इसके साथ ही, अतिक्रमण हटाने के लिए अधिकारियों द्वारा सीमांकन भी किया जा चुका है। इसके बाद भी कब्जा खाली नहीं कराया जा सका है। फिलहाल अस्पताल की ओर जाने वाली सड़कें दयनीय स्थिति में हैं। सड़क इतनी संकरी है कि वाहनों का आसानी से चलना बहुत मुश्किल है और सड़क पर गड्ढे हैं। वाहनों की पार्किंग के कारण यातायात जाम की स्थिति पैदा होती है।

### जल्द होगी तोड़फोड़

अपोलो अस्पताल जाने वाले दोनों रास्तों का सर्वे और सीमांकन हो चुका है। जिन लोगों ने बेजा कब्जा किया है उन्हें नोटिस भी जारी कर दिया गया है। जल्द ही तोड़फोड़ होगी। इसके लिए पुलिस का सहयोग भी लिया जाएगा।

**- अमित कुमार,** निगम आयुक्त

# बिल्हा में जिला, जनपद व पंच-सरपंच का चुनाव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के लिए 20 फरवरी की सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इस चुनाव में बिल्हा क्षेत्र के 127 ग्राम पंचायतों के 470 मतदान केन्द्रों में वोटिंग होगी। इसमें जिला पंचायत के पांच क्षेत्र भी आते हैं, जिसमें 27 प्रत्याशी मैदान में हैं। द्वितीय चरण के चुनाव कराने पोलिंग पार्टी रवाना हो गई है।

- त्रिस्तरीय दूसरे चरण के चुनाव कराने पोलिंग पार्टियां रवाना

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में 17 फरवरी को मस्तूरी क्षेत्र में चुनाव हुआ। अब दूसरे चरण में बिल्हा क्षेत्र में चुनाव होने जा रहा है। बिल्हा काफी बड़ा एरिया है और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक धरमलाल कौशिक का एरिया होने के कारण इस क्षेत्र के चुनाव पर सभी की नजर लगी हुई है। बिल्हा ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के पांच निर्वाचन क्षेत्र आते हैं, जिसमें 27 प्रत्याशी मैदान में हैं। क्षेत्र क्रमांक 1 में अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप, हेमलता साहू, सुनीता हृदेश कश्यप, सुनीता सत्येन्द्र कौशिक, क्षेत्र क्रमांक 2 में आरती देवी कौशिक, भूपेन्द्र भारद्वाज, दीनबंधु घनश्याम कोरी, गोदावरी बाई, झगरराम सूर्यवंशी, राजेश सूर्यवंशी, शैलेन्द्र सोनी तथा क्षेत्र क्रमांक 3 में आशा पाण्डेय, श्रीमती कल्पना कनेरी, मीना, मुस्कान भगवती पटेल, स्मृति त्रिलोक श्रीवास, तुलसी अशोक साहू, उषा योगेश सोनी, क्षेत्र क्रमांक 4 से अल्का विकास डहरिया, अनिता राजेन्द्र शुक्ला, पुनीता डहरिया क्षेत्र क्रमांक 5 से भैरो चतुर्वेदी, गोविन्द राम यादव, ज्वालाप्रसाद कौशिक, कमल सन्नाडय, संदीप योगेश यादव, उत्तरा सुरेश दिवाकर जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।



चुनाव सामाग्री लेकर मतदान केंद्र के लिए रवाना होते कर्मचारी।

### 2 लाख 42 हजार 148 मतदाता

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में कल जनपद पंचायत बिल्हा में मतदान होगा। मतदान दलों को आज ब्लॉक मुख्यालय से चुनाव सामग्री वितरण किया गया और चुनाव सामग्री लेकर निर्धारित रूटों से 470 मतदान दलों की शाम तक रवानगी भी हो गई थी और मतदान केन्द्रों में रात तक पहुंच भी गए। द्वितीय चरण के चुनाव में रिजर्व मिलाकर 517 मतदान दल बनाए गए हैं। बिल्हा ब्लॉक में चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के सुविधा के इंतेजाम किए गए हैं और 470 मतदान केन्द्रों में वोट पड़ेंगे। बिल्हा क्षेत्र में कुल 2 लाख 42 हजार 148 मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 21 हजार पुरुष मतदाता एवं 1 लाख 20 हजार 732 महिला मतदाता और 3 तृतीय लिंग मतदाता हैं।

### रास्ता रोककर बालक से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** कपड़ा दुकान से घर जा रहे बालक को रोककर दो भाईयों ने गाली गलौज कर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकंडा पुलिस के अनुसार क्षेत्र में रहने वाला कक्षा आठवीं का छात्र पढ़ाई के साथ कपड़ा दुकान में काम सीखने जाता है। 19 फरवरी को सुबह 11.30 बजे दुकान से घर जाते समय जबड़ापारा मुनी बाबा गली में रहना वाले सोनू रजक व उसके भाई नत्थू ने रास्ता रोककर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। दुकान मालिक ने दोनों भाईयों को भगा दिया था। उसके बाद वह अपने मामा के घर जा रहा था। नदी किनारे दोनों भाई आए और गाली गलौज कर देख लेने की धमकी देते हुए थप्पड़ से मारने लगे। इसी दौरान नत्थू रजक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ की कलाई में चोट आई। पुलिस ने बालक की रिपोर्ट पर हमलावर दोनों भाईयों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।




# शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का लालच देकर फोटोग्राफर से 5 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का लालच देकर शहर के फोटोग्राफर से 5 लाख 20 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली टीआई विजय पाण्डेय ने बताया, जूना बिलासपुर निवासी रमेश शर्मा फोटोग्राफी करते हैं। उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से आनलाइन जाब का मैसेज आया। उसके बाद उन्हें लिंक भेजा गया। लिंक सर्च करने पर उन्होने फोटो भेजने पर उन्हें उसका स्क्रीन शाट भेजने पर पैसा देने की बात कही। उन्होंने ऐसा किया तो उनके बताए गए बैंक खाते में पैसा ट्रांसफर किया गया। उसके बाद उन्हें शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। उन्होंने शेयर मार्केट में लगाने के लिए पैसा भेजा दो दो तीन बार मुनाफा दिया गया। फिर उनसे लगातार पैसा जमा कराया गया। उसके बाद पैसा फंस जाने का झांसा देकर अलग अलग किस्तों में 5 लाख 20 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिया गया। उसके बाद भी उनसे पैसा ट्रांसफर करने की मांग कर रहे है। उसके बाद उन्हें अहसास हुआ वह आनलाइन ठगी के शिकार हो गए हैं। श्री शर्मा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला 5 साल से फरार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** युवक पर चाकू से जानलेवा हमल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 5 साल से फरार चल रहा था। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि वर्ष 2020 में मंगला क्षेत्र में बाइक रोककर मुकेश सिंह के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया गया था। युवक को चाकू मारने वाले मुख्य आरोपी अनिमेश शुक्ला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उसका सहयोगी कुदूदण्ड निवासी सुभाष फ्रांसी पिछले पांच साल से फरार चल रहा था। आरक्षक आशीष राठौर ने मुखबिर की सूचना पर मुंगेलीनाका में सुभाष फ्रांसी को पकड़ लिया है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 319/ 20 धारा 307, 34 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।



